
प्रेरणास्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया

RNI No. HARHIN/2022 /90426

लोहारू से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक प्रेरणा

वर्ष: 03- अंक: 24 | पृष्ठ: 08 | मूल्य: 2 रूपया | लोहारू, शुक्रवार, 04 जुलाई 2025 | मो. 9255149495



बरसाती सीलन व जलभराव के चलते कभी भी बड़े हादसे का सबब बन ....
2

हरियाणा ने विजन-2047 के तहत एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और 50 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा करने का रखा लक्ष्य

## प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को साकार करने की राह दिखाएगा स्थानीय निकायों का राष्ट्रीय सम्मेलन: नायब सिंह सैनी

### मानेसर में आयोजित शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

लोक प्रेरणा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को मानेसर में शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के प्रथम राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी हरियाणा को मिली है। इस सम्मेलन में हम सब अपने लोकतंत्र को मजबूत करने तथा राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका पर विचार मंथन कर रहे हैं। यह विषय हमारे लोकतंत्र की जड़ों को सींचने और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत-2047 के विजन को साकार करने की राह दिखाता है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय लोकतंत्र की प्रथम पाठशाला और नर्सरी हैं। लोकतंत्र की जड़ें स्थानीय स्तर पर जितनी गहरी होंगी, हमारा राष्ट्र उतना सशक्त बनेगा। अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर नागरिकों को



आधुनिक सुविधाएं प्रदान करता है तो आमजन को लगता है कि उसने अपने स्थानीय निकाय की बागडोर सही हाथों में सौंपी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-विकसित हरियाणा, विकसित नगरों से ही बनेगा। इसलिए, हमने हरियाणा में विजन-2047 के तहत एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने और 50 लाख नए रोजगार के अवसर पैदा करने का लक्ष्य रखा है।

#### 5 अत्याधुनिक शहर बसाने की परियोजना पर हो रहा काम: मुख्यमंत्री

नायब सिंह सैनी ने कहा कि साइबर सिटी गुरुग्राम शहरी विकास का एक मॉडल है। इसके साथ लगते 180 किलोमीटर लंबे के.एम.पी. कॉरिडोर के साथ पंच ग्राम योजना के तहत ऐसे ही 5 अति आधुनिक शहर बसाने की परियोजना पर काम कर रहे हैं। यह योजना वर्ष 2050 तक 75 लाख जनसंख्या के लिए बनाई गई है।

#### पीपीपी से योजनाओं का मिल रहा आमजन को लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि अमरुत योजना के तहत शहरों में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। हरियाणा में सभी परिवारों का पहचान पत्र बनाया गया है और इससे सभी सरकारी योजनाओं को जोड़ दिया है। अब इन योजनाओं का लाभ नागरिकों को घर द्वार पर ही मिल रहा है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जिस स्वामित्व योजना को पूरे देश में लागू किया है, उस योजना को हरियाणा ने शत-प्रतिशत लागू कर दिया है। इसके साथ-साथ हरियाणा में नगर दर्शन पोर्टल की शुरुआत भी की गई है।

#### शहरी निकाय को बनाया सशक्त

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि शहरी स्थानीय निकायों को सशक्त और पारदर्शी बनाना बेहद जरूरी है। इसके लिए हरियाणा में ई गवर्नेंस को तेजी से अपनाया जा रहा है। हरियाणा के हर निगम में डिजिटल पोर्टल के माध्यम से काम किया जा रहा है। एआई के माध्यम से समस्याओं के समाधान हो रहे हैं। संपत्ति कर, बिजली के बिल, ठोस कूड़ा प्रबंधन जैसे विषयों पर प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का मूल मंत्र है विकास भी और पर्यावरण भी। इसके लिए हमें रेन वॉटर हार्वेस्टिंग, ग्रीन बिल्डिंग, सोलर एनर्जी, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को प्राथमिकता देनी होगी। हर नगर निकाय को एक ग्रीन एक्शन प्लान तैयार करना होगा। जल संकट से निपटने के लिए अमृत सरोवर और जल जीवन मिशन जैसे अभियानों को हरियाणा गति दे रहा है।

## हरियाणा में पुलिस-बदमाशों की मुठभेड़, पुलिस बोली-लोग घरों में रहें

### बीजेपी की झंडी लगी इंडेवर गाड़ी में आए थे; 4 पकड़े गए, 3 फरार

लोक प्रेरणा

**यमुनानगर।** हरियाणा के यमुनानगर में गुरुवार शाम को पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने नाकाबंदी की हुई थी। बदमाश बीजेपी का झंडा लगी उत्तराखंड नंबर की इंडेवर गाड़ी में सवार थे। पुलिस की नाकाबंदी देख उन्होंने गाड़ी भगा ली। इसके बाद पुलिस बदमाशों का पीछा करने लगी।

पुलिस के पीछे लगे देख बदमाश गन्ने के खेत में छिप गए। गन्नों के खेतों में पानी भरा है। पुलिस के कर्मचारी भी पेंट और जूते उतार कर हाथों में पिस्टल औरऌ47 लिए खेतों में उतर गए। इस दौरान दोनों तरफ से फायरिंग हुई।

जिसके बाद पुलिस ने इंडेवर गाड़ी को जब्त कर लिया। उसमें से पुलिस को हथियार भी मिले हैं। वहीं पुलिस सोर्सेज के मुताबिक 4 बदमाश पकड़ लिए गए हैं। 3 फरार हैं। मुठभेड़ के बाद डीएसपी राजेश वहां पहुंचे। फरार बदमाशों को लेकर पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों को अलर्ट रहने के लिए बोला है। उन्हें रात में बेवजह बाहर न घूमने को कहा गया है।

संदिग्धों की सूचना पर की नाकाबंदी

यमुनानगर पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोग गाड़ी में घूम रहे हैं। इसलिए पुलिस में यमुनानगर में हरनोल गांव के आसपास नाकाबंदी की थी। इस दौरान बीजेपी का झंडा लगी गाड़ी नाकाबंदी की तरफ आती नजर आई, जिसमे 7 बदमाश सवार थे।

#### पुलिस नाका देख गाड़ी मोड़ी, खेतों में छुपे

जब उन्होंने आगे पुलिस का नाका देखा तो गाड़ी रोक ली।



थोड़ी ही देर में उन्होंने गाड़ी मोड़ ली और गांव टोपरा खुर्द की तरफ भाग निकले। पुलिस पीछे पड़ी तो रास्ते में बदमाशों ने इंडेवर गाड़ी रोकी। फिर वह उससे उतरकर पास में ही गन्ने के खेतों में जाकर छिप गए।


#### 4 बदमाश हिरासत में लिए, 3 फरार

पुलिस की टीम भी गन्ने के खेत में पहुंच गई। खेत में पानी भरा हुआ था। वहां पुलिस जब बदमाशों के करीब पहुंची तो उन्होंने फायरिंग की। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। हालांकि इसमें किसी को गोली लगी या नहीं, इसके बारे में पता नहीं चल पाया है।

#### बदमाशों की तलाश के लिए मंगाए ड्रोन

सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने 4 बदमाशों को हिरासत में ले लिया। मगर, 3 भाग गए। जिनको ढूंढने के लिए पुलिस ने ड्रोन तक मंगवाए। हालांकि अभी तक पुलिस आरोपियों की तलाश नहीं कर पाई है।

## खुशखबरी! जब्त नहीं होगी आपकी पुरानी गाड़ी, पुराने वाहनों पर बैन को लेकर दिल्ली सरकार का यू-टर्न



लोक प्रेरणा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बढ़ती जन चिंता के बीच, दिल्ली सरकार ने एंड ऑफ लाइफ व्हीकल (ईओएल) जब्त करने की नीति को लागू होने के दो दिन बाद ही स्थगित कर दिया है। यह कदम राष्ट्रीय राजधानी में %एंड ऑफ लाइफ व्हीकल (ईओएल) के लिए ईंधन प्रतिबंध पर निवासियों की व्यापक प्रतिक्रिया और विपक्षी नेताओं की आलोचना के बाद उठाया गया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को पत्र लिखकर शहर में ईओएल वाहनों को ईंधन न देने के निर्देश को स्थगित करने को कहा है।

सिरसा ने लोगों में असंतोष को स्वीकार किया और कहा कि सरकार उनके साथ खड़ी है। इसके बाद उन्होंने घोषणा की कि राष्ट्रीय राजधानी में पुराने वाहनों को जब्त नहीं किया जाएगा। सिरसा ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने निवासियों को आश्वासन दिया है कि पुराने वाहनों को मनमाने ढंग से ज़ब्त नहीं किया जाएगा। हम पुराने वाहनों को ज़ब्त नहीं होने देंगे। साथ ही, हम दिल्ली में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के निवासी पहले से ही एंड-ऑफ़-लाइफ़ वाहनों से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। सरकार ने ष्टत्तरू (वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग) के अध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा है कि नीति को लागू करने के लिए उसके पास आवश्यक बुनियादी ढाँचे का अभाव है।

## मराठी तो बोलनी पड़ेगी, अगर आप नहीं जानते तो..., यह क्या बोल गए महाराष्ट्र के मंत्री

लोक प्रेरणा


**मुंबई (एजेंसी)।** मंत्री ने कहा कि अगर महाराष्ट्र में कोई मराठी का अपमान करता है, तो हम अपने कानून लागू करेंगे। कदम ने हालांकि घटना के तरीके की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने दुकानदार की पिटाई की, उन्हें कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए था। उन्हें शिकायत दर्ज करानी चाहिए थी।महाराष्ट्र के मंत्री योगेश कदम ने बुधवार को कहा कि राज्य में मराठी बोलना अनिवार्य है और चेतावनी दी कि भाषा के प्रति किसी भी तरह का अनादर कानूनी परिणामों को आमंत्रित करेगा। योगेश कदम का यह बयान उस वायरल वीडियो के बाद आया है जिसमें ठाणे में एक फूड स्टॉल मालिक को मराठी में बात करने से मना करने पर पीटा जा रहा है। योगेश कदम ने संवाददाताओं से कहा कि महाराष्ट्र में आपको मराठी बोलनी ही होगी। अगर आपको मराठी नहीं आती तो आपका रवैया यह नहीं होना चाहिए कि आप मराठी नहीं बोलेंगे।

## घाना की संसद में बोले मोदी, लोकतंत्र हमारे लिए सिस्टम नहीं, संस्कार है

लोक प्रेरणा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कल शाम का अनुभव बहुत ही मार्मिक था, मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति जॉन महामा से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करना सम्मान की बात है...भारत के 1.4 अरब लोगों की ओर से मैं इस सम्मान के लिए घाना के लोगों को धन्यवाद देता हूं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को घाना गणराज्य की संसद को संबोधित किया। घाना गणराज्य की संसद को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज इस प्रतिष्ठित सदन को संबोधित करते हुए मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। घाना में होना सौभाग्य की बात है, यह एक ऐसी भूमि है जो लोकतंत्र की भावना को प्रसारित करती है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रतिनिधि के रूप में, मैं अपने साथ 1.4 बिलियन भारतीयों की सद्भावना और शुभकामनाएं लेकर आया हूँ। घाना को सोने की भूमि के रूप में जाना जाता है, न केवल आपकी मिट्टी के नीचे जो कुछ है, बल्कि आपके दिल में जो गर्मजोशी और ताकत है, उसके लिए भी।



नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कल शाम का अनुभव बहुत ही मार्मिक था, मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति जॉन महामा से राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करना सम्मान की बात है...भारत के 1.4 अरब लोगों की ओर से मैं इस सम्मान के लिए घाना के लोगों को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि आज सुबह मुझे हमारे दूरदर्शी और राजनेता तथा घाना के प्रिय पुत्र डॉ. क्वामे नक्रूमा को श्रद्धांजलि अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने एक बार कहा था कि हमें एकजुट करने वाली ताकतें उन अतिरंजित प्रभावों से कहीं अधिक बड़ी हैं जो हमें अलग रखती हैं। उनके शब्द हमारी साझा यात्रा का मार्गदर्शन करते रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा किस भारत लोकतंत्र की जननी है। हमारे लिए लोकतंत्र महज एक व्यवस्था नहीं है; यह हमारे मौलिक मूल्यों का हिस्सा है। लोकतंत्र हमारे लिए सिस्टम नहीं, संस्कार है।

## 5 सीएमएचओ को कारण बताओ नोटिस-नेशनल हेल्थ कार्यक्रम में नहीं जुड़ने पर एक्शन, ट्रेनिंग में नहीं पहुंचने पर कार्रवाई

लोक प्रेरणा

**जयपुर (का.स)।** हेल्थ डिपार्टमेंट ने 5 जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। हालांकि ये नोटिस एक माह की देरी से जारी किया गया। करीब एक माह पहले आयोजित एक राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल नहीं होने के कारण ये नोटिस जारी किए गए है। हेल्थ डिपार्टमेंट के निदेशक डॉ. रवि प्रकाश शर्मा की ओर से कोटा, अजमेर, बाड़मेर, बीकानेर और प्रतापगढ़ जिलों के सीएमएचओ को ये कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दरअसल सरकार ने 2 से 4 जून तक राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित करवाया था। इस एक दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम में सभी जिलों के सीएमएचओ को शामिल होना था। इसके लिए हेल्थ डिपार्टमेंट से 28 मई को ऑर्डर भी जारी किए थे। इस आदेश के बावजूद कोटा, अजमेर, बाड़मेर, बीकानेर और प्रतापगढ़ जिलों के सीएमएचओ इस ट्रेनिंग में शामिल नहीं हुए। इसे विभाग ने राष्ट्रीय कार्यक्रम के प्रति उदासीनता और घोर लापरवाही माना।विभाग के निदेशक ने इन सभी ष्टरू॥ह्र को नोटिस जारी कर इस ट्रेनिंग कैंप में शामिल नहीं होने का कारण पूछा है। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर विभागीय कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।राज्य सरकार ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जो आदेश जारी किए थे उसमें जिले के सीएमएचओ को इसका नोडल अधिकारी बनाया था। नोडल अधिकारी होने के बावजूद भी ट्रेनिंग कार्यक्रम में शामिल नहीं होने पर निदेशक ने नाराजगी जताई।

## गिल का विदेशी धरती पर सबसे बड़ा स्कोर

लोक प्रेरणा

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारतीय टीम एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट की पहली पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 587 रन पर ऑलआउट हो गई है। गुरुवार को टीम इंडिया ने 310/5 के स्कोर से खेलना शुरू किया था। गुरुवार को मैच का दूसरा दिन है और आखिरी सेशन का खेल जारी है। इंग्लैंड ने पहली पारी में बगैर नुकसान के 12 रन बना लिए हैं। जैक क्रॉली और बेन डकेट क्रीज पर हैं।कप्तान शुभमन गिल 269 रन बनाकर आउट हुए। वे टेस्ट में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय कप्तान बने। गिल के अलावा, ओपनर यशस्वी जायसवाल 87 और रवींद्र जडेजा 89 रन बनाकर आउट हुए। वॉशिंगटन सुंदर ने 42 रनों का योगदान दिया।इंग्लैंड की ओर से शोएब बशीर ने 3 विकेट चटकाए। क्रिस वोक्स और जोश टंग को 2-2 विकेट मिले। ब्रायडन कार्स, जो रूट और कप्तान बेन स्टोक्स को एक-एक विकेट मिले।




गिल की पारी से बने 2 रिकॉर्ड...

'गिल सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय कप्तान बने हैं। गिल ने विराट कोहली के 254 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। कोहली ने 2019 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पुणे में नाबाद 254 रन की पारी खेली थी।गिल इंग्लैंड में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय बने हैं। उन्होंने सुनील गावस्कर के 221 रन का रिकॉर्ड तोड़ा है। जो गावस्कर ने 1979 में इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल में बनाया था।

नीतीश को लेकर प्रशांत किशोर ने कर दी बड़ी भविष्यवाणी

## अगर जेडीयू की 25 सीट आई तो छोड़ दूंगा राजनीति

लोक प्रेरणा

**पटना (एजेंसी)।** किशोर ने राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रचार अभियान के असर को भी खारिज किया और भाजपा को चुनौती दी कि अगर उसे अपनी ताकत पर भरोसा है तो वह सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़े।जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने एक बड़ी भविष्यवाणी करते हुए आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में एनडीए की वापसी की संभावना को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि नवंबर के बाद नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं होंगे और अगर जेडी(यू) 25 से ज़्यादा सीटें जीतती है तो वह राजनीति छोड़ देंगे। 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और जनता दल (यूनाइटेड) के नेतृत्व वाले एनडीए ने 243 में से 125 सीटें जीतकर मामूली बहुमत हासिल किया। एनडीए के भीतर, बीजेपी अपने सहयोगी से ज़्यादा मज़बूत होकर उभरी और 74 सीटें जीतीं, जबकि जेडी(यू) ने काफ़ी गिरावट देखी और सिर्फ़ 43 सीटें हासिल कीं। किशोर ने राज्य में



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रचार अभियान के असर को भी खारिज किया और भाजपा को चुनौती दी कि अगर उसे अपनी ताकत पर भरोसा है तो वह सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़े। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के सबसे बड़े नेता हैं और एनडीए के लिए सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे हैं, लेकिन बिहार में उनका प्रभाव सीमित है।

किशोर ने न्यूज24 को दिए इंटरव्यू में कहा, देखिए, मोदी जी देश के प्रधानमंत्री हैं और बड़े नेता हैं। वह भाजपा के सबसे बड़े नेता हैं। शायद देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। इसलिए यह संभव नहीं है कि मोदी कोई फैक्टर न हों। और वह एनडीए की ओर से सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे हैं, इसलिए निश्चित रूप से वह एक फैक्टर होंगे। महाराष्ट्र, दिल्ली और हरियाणा में भाजपा की हालिया जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए किशोर ने कहा, महाराष्ट्र महाराष्ट्र है। बिहार बिहार है। महाराष्ट्र में भाजपा जीतती रही है। बिहार में वे कभी अपने दम पर जीतने में कामयाब नहीं हुए। हरियाणा में भी यही हुआ। दिल्ली में केजरीवाल को हराना - ठीक है, मैं सहमत हूं। लेकिन ऐसा कोई राज्य नहीं है जहां भाजपा पहले न जीती हो।

## दिल्ली हाईकोर्ट की पतंजलि च्यवनप्राश के विज्ञापन पर रोक

### डाबर बोली- हमारा च्यवनप्राश आयुर्वेदिक औषधि, ऐसे विज्ञापन प्रोडक्ट को बदनाम कर रहे

नई दिल्ली।

दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को पतंजलि को निर्देश दिया है कि वह डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ कोई भी नकारात्मक या भ्रामक विज्ञापन न दिखाए। यह आदेश जस्टिस मिनी पुष्करणा ने डाबर की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के बाद दिया। डाबर ने कोर्ट में तर्क रखा कि इस तरह के विज्ञापन न सिर्फ उनके उत्पाद को बदनाम करते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को गुमराह भी करते हैं। च्यवनप्राश एक पारंपरिक आयुर्वेदिक औषधि है, जिसे ड्रग्स और कॉस्मेटिक एक्ट के तहत नियमानुसार ही बनाना होता है। ऐसे में अन्य ब्रांड्स को सामान्य कहना गलत, भ्रामक और नुकसानदायक है। इस मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। फिलहाल पतंजलि च्यवनप्राश के विज्ञापन पर रोक लगा दी गई है। केस में डाबर की तरफ से वरिष्ठ वकील संदीप सेठी



ने वकालत की, जबकि पतंजलि की ओर से वरिष्ठ वकील राजीव नायर और जयंत मेहता पेश हुए थे। संदीप सेठी ने कहा, पतंजलि अपने विज्ञापन में डाबर के च्यवनप्राश को "सामान्य" और आयुर्वेद की परंपरा से दूर बताकर प्रोडक्ट की छवि को नुकसान पहुंचा रहा है। इस विज्ञापन में स्वामी रामदेव खुद यह कहते नजर आते हैं कि जिन्हें आयुर्वेद और वेदों का ज्ञान नहीं, वे पारंपरिक च्यवनप्राश कैसे बना सकते हैं?

इसके अलावा डाबर ने कहा, 'पतंजलि के विज्ञापन में 40 औषधियों वाले च्यवनप्राश को साधारण कहा गया है। यह हमारे उत्पाद पर सीधा निशाना है।' डाबर अपने च्यवनप्राश को "40+ जड़ी-बूटियों से बने होने" का दावा करता है। डाबर का कहना है कि च्यवनप्राश बाजार में उनकी 60% से ज्यादा हिस्सेदारी है। डाबर ने यह भी कहा कि पतंजलि के विज्ञापन में यह संकेत भी दिया गया है कि दूसरे ब्रांड्स के उत्पादों से स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। डाबर ने तर्क दिया कि पतंजलि पहले भी ऐसे विवादास्पद विज्ञापनों के लिए सुप्रीम कोर्ट में अवमानना के मामलों में घिर चुका है। इससे साफ है कि वह बार-बार ऐसा करता है।

लोक प्रादेशिक प्रेरणा
PRADISHIK PRERNA
2
लोक प्रेरणा Lok Prerna
लोहारू, शुक्रवार 04 जुलाई, 2025

# बहुप्रतिष्ठित ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड 2025 के लिए चार जुलाई से होंगे आवेदन

## 101 हस्तियों को पांच अक्टूबर को इंटरनेशनल टीचर-डे पर बैंकाक में सम्मानित करेगा राह ग्रुप फाउंडेशन

लोक प्रेरणा/अमित वालिया

**लोहारू।** सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन के बहुप्रतिष्ठित अवार्ड ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड-2025 के लिए चार से 10 जुलाई 2025 तक आवेदन किए जा सकेंगे। यह जानकारी देते हुए राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़, ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड-2025 ईवेंट के संयोजक प्रो. श्यामसुंदर सांगवान ने बताया कि पांच अक्टूबर 2025 को इंटरनेशनल टीचर-डे पर बैंकाक (थाईलैंड) में आयोजित होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान समारोह में राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब व जम्मू-कश्मीर की 101 हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें शिक्षा के विकास में सराहनीय योगदान देने वाले अध्यापकों व स्कूलों के निर्माण या विस्तार में सहयोग देने वाले भामाशाहों को वरीयता दी जाएगी। इस दौरान अध्यापकों को शैक्षणिक भ्रमण एवं वहां के स्कूलों की शैक्षिक व्यवस्था का जमीनी आंकलन व विशेष पैटर्न को अपनाने के लिए चार स्कूलों की विजिट भी करवाई जाएगी। इस अवार्ड के लिए 10 जुलाई 2025 तक आवेदन किए जा सकेंगे, जबकि 15 जुलाई तक इनका फाइनल चयन कर लिया जाएगा ताकि चयनित अवार्डी हस्तियां अपने-अपने दस्तावेजों की पूर्ति कर सके। राह संस्था के इस अवार्ड के लिए लिए आवेदक की विगत दो वर्ष की उपलब्धियों को आधार माना जाएगा। हालांकि आवेदक अपना दावा विगत पांच या जीवन भर की उपलब्धियों के आधार पर आवेदन कर सकता है। इसके लिए आवेदन को राह संस्था के तय प्रोफार्मा पर आवेदन ऑनलाइन व उसके बाद आफ लाईन आवेदन जमा करवाना अनिवार्य होगा।

### इन श्रेणियों में हो सकेंगे आवेदन

पांच अक्टूबर इंटरनेशनल टीचर-डे पर बैंकाक (थाईलैंड) में आयोजित होने वाले इस ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यवसाय, ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण, खेलों के विकास, वैज्ञानिक शोध, इंजीनियरिंग, जनकल्याणकारी पत्रकारिता, मॉडर्न खेती, आर्ट, व्यापार, योग को बढ़ावा देने, दवाओं के क्षेत्र में रिसर्च व वैज्ञानिक क्षेत्र में सराहनीय योगदान करने वालों के अलावा रक्तदान, समाजसेवा समेत कई अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान करने वाली हस्तियां आवेदन कर सकेंगी। ये अवार्ड व्यक्तिगत या संस्था के स्तर पर अलग-अलग उपलब्धियों के लिए प्रदान किए जाएंगे।

### इंटरनेशनल स्कूलों का मिलेगा एक्सपोजर

सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन के बहुप्रतिष्ठित अवार्ड ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड-2025 के लिए चयनित हस्तियों को जहां अवार्ड में एक ट्राफी व एक प्रशस्ति पत्र के अलावा इंटरनेशनल लेवल के स्कूलों के अलावा थाईलैंड के धार्मिक व पर्यटन क्षेत्रों का दौरा भी करवाया जाएगा। चार दिवसीय इस अवार्ड एवं एजुकेशन टूर के लिए विमान सेवा दिल्ली एयरपोर्ट से उपलब्ध होगी।

### चार अलग-अलग श्रेणियों में मिलेगा अवार्ड

सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ के अनुसार राह संस्था के इस बहुप्रतिष्ठित अवार्ड कार्यक्रम ग्लोबल रोल मॉडल मास्टर्स अवार्ड प्रति वर्ष तरह इस बार भी चार अलग-अलग श्रेणियों में प्रदान किया जाएगा। जिसमें लाईफ टाईम अचिवमेंट, शिक्षा, नवाचार एवं अलग-अलग श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड राह ग्रुप फाउंडेशन का एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है जो इंटरनेशनल लेवल पर उन व्यक्तियों या संगठनों को दिया जाता है जो अपने क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन या योगदान करते हैं। यह पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों में, जैसे कि नेतृत्व, सामाजिक प्रभाव, विज्ञान, कला, और शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार संगठन के अंदर या बाहर अपने सहकर्मियों को प्रेरित, सक्षम या समर्थन करने वाले व्यक्ति को भी दिया जा सकता है।

# बरसाती सीलन व जलभराव के चलते कभी भी बड़े हादसे का सबब बन सकते है रेलवे अंडरब्रिज

## व्यवस्था के नाम पर रेलवे द्वारा हर वर्ष की जाती है महज औपचारिकता

लोक प्रेरणा

**सतनाली।** सतनाली क्षेत्र में रेलवे द्वारा बनाए गए अंडरब्रिज बरसात के कारण जलभराव होने के बाद से सीलन की चपेट में है तथा इसकी दीवारों में आई सीलन व दरारों के कारण ये अंडरपास यहां से गुजरने वाले वाहनचालकों व लोगों के लिए किसी भी समय हादसें का सबब बन सकते है। भविष्य में यदि समय रहते अंडरब्रिज की दीवारों की मरम्मत व यहां से जलनिकासी की उचित व स्थाई व्यवस्था नहीं की गई तो यह किसी बड़े हादसे का भी सबब बन सकते है। सतनाली-दादरी मुख्य मार्ग, सतनाली-बाढड़ा मुख्य मार्ग व सतनाली-लोहारू मुख्य मार्ग पर बने अंडरब्रिज में बरसात के बाद दो से तीन दिन तक पानी खड़ा रहता है तथा इस कारण इसमें सीलन आ जाती है। अंडरब्रिज निर्माण के दौरान पानी की निकासी के लिए बनाए गए कुएं में पानी कम खाली ज्यादा नजर आ रहे है। बरसात के समय अंडरब्रिज के पानी को कम करने के लिए बनाए गए कुएं में पानी सही तरीके से नहीं पहुंच पा रहा है तथा अंडरपास की नींव में ही पानी जमा हो रहा है। ऐसे में पूरा अंडरपास बरसाती सीलन की चपेट में है। ट्रेनों के गुजरने के समय यहां हालात ऐसे हो जाती है कि पूरा अंडरब्रिज थर थर के कंपन से कांपने लगता है। यहां से गुजरने वाले वाहनचालक व लोग ट्रेन के गुजरते समय इसके नीचे से जाना तक मुनासिब नहीं समझ रहे है। लोगों का कहना है कि एक तो अंडरब्रिज की दीवारों में दरारें, दूसरी ओर पूरे अंडरब्रिज में आई सीलन व अंडरब्रिज के नीचे बनी सडक़ क्षतिग्रस्त होने से यह






कभी भी गिर सकता है। अंडरब्रिज के जोड अपना स्थान छोड चुके है। बरसात के दौरान ऊपर से भी पानी टपकता है तो नीचे भी जमा हो जाता है। ठेकेदार द्वारा अंडरब्रिज के नीचे से बनाई गई सड़क़ भी टूट चुकी है तथा इसमें गड्ढे भी बन गए है। ऐसे में लोग व वाहनचालक कोई रिस्क नहीं उठाना चाहते है। ध्यान रहे कि रेलवे द्वारा रेलवे अंडरपास के निर्माण कार्य के दौरान संबंधित ठेकेदारों द्वारा जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई जिस कारण यहां हल्की बरसात के कारण ही बरसाती पानी जमा हो जाता है जो निकासी के अभाव में दो से तीन दिन तक अंडरपास के नीचे ही खड़ा रहता है। हालात तालाब का रूप बयां करने लगते है। रेलवे की ओर से इन अंडर ब्रिज की स्थिति पर बोलने के लिए कोई भी तैयार नहीं है तथा ऐसे में अंडरब्रिज न केवल परेशानी बल्कि दुपहिया वाहन चालकों के लिए तो हादसों को भी न्योता दे रहे है। अंडरपास पर पानी की निकासी के प्रबंध न होने पर गत वर्ष की बरसात में अंडर ब्रिज से गुजरते समय करीब दो दर्जन से अधिक वाहन खराब हो गए थे। वहीं पिछले सप्ताह बरसात के बाद भी अंडरब्रिज के हालात विकट हो गए थे। हालांकि रेलवे द्वारा समय-समय पर यहां से पानी निकासी के नाम पर कागजी खानापूर्ति कर पल्ला झाड़ लिया जाता है जिससे भ्रष्टाचार की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। लोगों का कहना है कि रेलवे द्वारा इनके निर्माण पर ठेकेदारों के माध्यम से भारी भरकम बजट खर्च किया था लेकिन इनकी स्थिति देखकर ऐसा लगता है जैसे ठेकेदार ने केवल औपचारिकता पूरी की है तथा यहां पर किसी प्रकार के कोई प्रबंध नहीं किए है। उन्होंने रेलवे से मांग की है कि इन अंडर ब्रिज पर जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए व इनकी स्थिति में सुधार किया जाए ताकि भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो।

# अभिजीत और वरुण की आवाज़ में माही मेरेया गाना प्यार की गहराई को दर्शाता है

## माही मेरेया में शाश्वत प्रेम की मौन शक्ति का चित्रण है, जो सोलमेट्स में पाया जाता है

लोक प्रेरणा

**हिसार।** हाई-ऑक्टेन बीट्स और टूटे दिल के गानों के बीच, अभिजीत श्रीवास्तव और वरुण जैन का "माही मेरेया" एक कोमल, शांति देने वाला गीत है। इसमें दर्शाया गया है कि प्यार का वास्तविक एहसास कैसा होता है। यह स्थिर, सुरक्षित और व्यक्तिगत होता है। हृदयस्पर्शी बोल और कोमल धुनों से बना यह गीत उस पल को कैद करता है जब प्यार शांत, भावपूर्ण और अंतरंग महसूस होता है जैसे आप अंत में अपने घर पहुँच गए हों।

यह गाना संगीत उद्योग के सबसे बेहतर गायकों में से एक, वरुण जैन द्वारा सुपर टैलेंटेड संगीतकार अभिजीत श्रीवास्तव के साथ बनाया गया है। इसके बोल शायरा अपूर्वा ने लिखे हैं। "माही मेरेया" एक मधुर आलिंगन है, जिसे हिंदी और पंजाबी में गाया गया है। यह शाश्वत प्रेम कहानी के लिए लिखे गए रिश्ते का सार पेश करता है। इसकी हर धुन स्वाभाविक, शुद्ध और बहुमूल्य महसूस होती है।"

गायक वरुण जैन ने कहा, "अभिजीत और मैं कुछ ऐसा बनाना चाहते थे, जो यह प्रदर्शित कर सके कि किसी को अपने हृदय और आत्मा से प्यार करने का मतलब क्या होता है। माही मेरेया उन सभी के लिए है, जिन्होंने बिना तर्क के प्यार किया है। मुझे उम्मीद है कि यह गीत हर श्रोता को पसंद आएगा। इसे उतना ही प्यार व स्नेह मिलेगा, जितना प्यार और स्नेह मेरे पिछले गीतों को मिला है।"

संगीतकार अभिजीत श्रीवास्तव ने कहा, "हम हमेशा से कुछ अंतरंग बनाना चाहते थे, एक ऐसी धुन जो मन की हलचल शांत कर दे, जो सुनकर आपको घर जैसा सुकून महसूस हो। हमने इसे सरल, अनछुआ और वास्तविक रखा। माही मेरेया बैकग्राउंड में बजने वाला वो गाना है, जो तब बजता है जब आप अपने जीवनसाथी को दिल की आँखों से देखते हैं। हमें उम्मीद है कि माही मेरेया सुनकर लोग प्यार के खूबसूरत, दैनिक अनुभवों से जुड़ा हुआ महसूस करेंगे।"

# केंद्रीय सरकार की आरडीआई व ईएलआई योजना से आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को मिलेगी तेज गति : विनोद बापना

## आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को मिलेगा बढ़ावा: केंद्रीय मंत्रिमंडल के ऐतिहासिक फैसलों पर उद्योग जगत उत्साहित

जतिन/राजा

**गुरूग्राम।** केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा हाल ही में अनुमोदित एक लाख करोड़ रुपये की अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना तथा 99 हजार 446 करोड़ रुपये की रोजगार-लिंक्ड प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना ने देश में आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को एक नई गति देने की उम्मीद जगाई है। उद्योग जगत ने भी इन दूरदर्शी योजनाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

सीआईआई गुरुग्राम जोन के चेयरमैन और कैपेरो मारुति के सीईओ विनोद बापना ने इन योजनाओं के प्रति अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा ये निर्णय भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ हैं। विनोद बापना ने कहा कि ये योजनाएं भारत को विनिर्माण और नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने में मदद करेंगी। निवेश, रोजगार और नवाचार के इस संगम से, भारत तीव्र और समावेशी आर्थिक विकास की राह पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि आरडीआई योजना नवाचार को बढ़ावा देगी, जिससे नए उत्पादों, प्रक्रियाओं और सेवाओं का विकास होगा। यह हमारी कंपनियों को वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बनाएगा और उच्च-मूल्य वाले रोजगार के अवसर पैदा करेगा। बापना ने ईएलआई योजना की भी सराहना की, जिसका उद्देश्य रोजगार सृजन को सीधे प्रोत्साहन देना है। उन्होंने कहा कि




ईएलआई योजना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह न केवल उद्योगों को अपना विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित करेगी बल्कि कुशल और अर्ध-कुशल श्रमिकों के लिए रोजगार के नए रास्ते भी खोलेगी। यह हमारे युवाओं के लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सीआईआई गुरुग्राम जोन के चेयरमैन और कैपेरो मारुति के सीईओ विनोद बापना ने कहा कि इन दोनों योजनाओं को एक साथ देखने पर यह स्पष्ट है कि सरकार का लक्ष्य एक आत्मनिर्भर और नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। आरडीआई योजना भारतीय उद्योगों को अनुसंधान और विकास में भारी निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करेगी, जिससे उन्हें अत्याधुनिक तकनीक अपनाने और वैश्विक बाजार में अग्रणी बनने में मदद मिलेगी। वहीं ईएलआई योजना यह सुनिश्चित करेगी कि आर्थिक विकास का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे, विशेष रूप से उन लोगों तक जिन्हें रोजगार के अवसरों की सबसे अधिक आवश्यकता है।

# केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियां हर वर्ग के हित में, भाजपा के 11 साल कांग्रेस के 70 साल पर भारी: मोहित चौधरी

## सांसद पुत्र मोहित चौधरी ने सतनाली खंड के दर्जनों गांवों में किया जनसंपर्क

लोक प्रेरणा

सतनाली। युवा भाजपा नेता व सांसद धर्मबीर सिंह के पुत्र मोहित चौधरी ने वीरवार को सतनाली खंड के दर्जनों गांवों का दौरा किया तथा ग्रामीणों से संवाद करते हुए केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए आमजन को जानकारी दी। युवा नेता मोहित चौधरी ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी तथा संबंधित विभाग के मंत्रियों व मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाने का वादा किया। मोहित चौधरी ने कहा कि विकास के मामले में भाजपा के 11 साल कांग्रेस के 70 सालों पर भारी हैं। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर कार्य कर रही है। कांग्रेस ने सदैव पूंजीवाद, भाई भतीजावाद व क्षेत्रवाद को बढ़ावा दिया है तथा जनहितों से कांग्रेस का कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बिना खर्ची और बिना पर्ची तथा योग्यता के आधार पर नौकरी प्रदान करने से युवाओं में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। बुधवार को ही सरकार द्वारा ग्रुप डी के करीब साढ़े सात हजार पदों का परिणाम घोषित कर युवाओं को रोजगार देने का काम किया है। वहीं हजारों पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं से आज हर वर्ग खुश है। बीते 11 वर्षों में केंद्र व प्रदेश



सरकार ने गरीबों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के जीवन को सशक्त बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। मोहित चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत देश तेज गति से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। केंद्र सरकार ने अपने 11 वर्ष के शासनकाल में हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं लागू करने का काम किया है। भाजपा ने नीति बनाकर देशहित में काम किया है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा में वृद्धि, आर्थिक मजबूती, डिजिटल भारत, सामाजिक सुरक्षा, आधारभूत संरचना के विस्तार और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को रेखांकित किया है। आज भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने गांव श्यामपुरा, ढाणी कुम्हारान, जवाहर नगर, पथरवा, नंगला, बास, सुरेहती, डालनवास, गादड़वास व माधोगढ़ का दौरा किया। इस दौरान एडवोकेट बलबीर सिंह शेखावत, योगेश शास्त्री, रवि शेखावत जड़वा सहित अनेक कार्यकर्ता उनके साथ मौजूद रहे।

# न्युवोको ने हरियाणा के भिवानी में न्युवो मेसन (आरपीएल) प्रशिक्षण के पहले बैच के लिए दीक्षांत समारोह आयोजित किया

लोक प्रेरणा

**पानीपत।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, क्षमता के हिसाब से भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह ने 30 जून, 2025 को हरियाणा सीमेंट प्लांट (एचसीपी) में अपनी सीएसआर पहल न्युवो मेसन के तहत रेकोगिनीशन प्रॉयर लर्निंग (आरपीएल) प्रशिक्षण के पहले बैच के लिए दीक्षांत समारोह आयोजित किया।न्युवो मेसन एक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम है जिसे राजमिस्त्री कौशल को बढ़ाने, श्रमिकों को सशक्त बनाने और नई कमाई के अवसर खोलने के लिए डिजाइन किया गया है। हरियाणा सीमेंट प्लांट के आस-पास के गांवों से 25 प्रतिभागियों का बैच चुना गया और उन्हें लगभग 80 घंटे (10 दिन) का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें टाइल चिनाई (फर्श और दीवारें) के सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों पहलुओं को शामिल किया गया। कार्यक्रम की सामग्री नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के अनुरूप है, और प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक पूरा करने पर नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनएसडीसी) द्वारा प्रमाणित किया जाएगा।यह पहल लोक भारती एजुकेशन सोसाइटी, दिल्ली के सहयोग से कार्यान्वित की जा रही है, जिसका उद्देश्य कौशल विकास का समर्थन करना और स्थानीय युवाओं को निर्माण क्षेत्र में सार्थक रोजगार प्राप्त करने में मदद करना है।

इनबॉक्स INBOX

# एचएमएसआई ने जून 2025 में बेचे 4,29,147 यूनिट्स

लोक प्रेरणा

**करनाल।** होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने जून 2025 के लिए अपने बिक्री आंकड़े जारी किए। कंपनी ने इस महीने कुल 4,29,147 यूनिट्स की बिक्री की, जिसमें 3,88,812 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 40,335 यूनिट्स का निर्यात शामिल है। अगर अप्रैल से जून 2025 (YTD FY26) की बात करें, तो एचएमएसआई की कुल बिक्री 13,75,120 यूनिट्स रही, जिसमें 12,28,961 यूनिट्स घरेलू बिक्री और 1,46,159 यूनिट्स का निर्यात शामिल है।

## जून 2025 की प्रमुख झलकियां

**रोड सेफ्टी इनिशिएटिव्स:** एचएमएसआई ने भारत में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए 12 शहरों में जागरूकता अभियान चलाए, जिनमें शामिल हैं - जामनगर (गुजरात), सतना (मध्य प्रदेश), कोटा (राजस्थान), संगमनेर और रत्नागिरी (महाराष्ट्र), कन्याकुमारी (तमिलनाडु), गोकरना (कर्नाटक), अंबिकापुर (छत्तीसगढ़), भवानीपटना (ओडिशा), विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश), मिदनापुर (पश्चिम बंगाल) और गुरुग्राम (हरियाणा)।
इसके अलावा, भुवनेश्वर में ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क की 11वीं और तिरुचिरापल्ली में 6वीं वर्षगांठ मनाई गई। एचएमएसआई ने दिल्ली ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क में समर कैंप का आयोजन भी किया, जिसमें बच्चों को सुरक्षित ड्राइविंग, रोड सेफ्टी गेम्स और साइक्लिंग अभ्यास जैसी गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया गया।
**सीएसआर:** 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) से शुरू हुए "पर्यावरण सप्ताह 2025" के तहत एचएमएसआई ने पूरे देश में अपने डीलरशिप और सर्विस नेटवर्क के जरिए कई सस्टेनेबिलिटी गतिविधियां चलाईं। इसमें ग्राहकों को पौधे वितरित करना, प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों पर जागरूकता अभियान और विभिन्न शहरों में वृक्षारोपण जैसे कार्य शामिल थे।

# वोल्ट एनर्जी ने डेको ग्रुप को 300 किलोवाट की रूफटॉप सोलर से ऊर्जा दी

लोक प्रेरणा

**सोनीपत।** स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा को बढ़ावा देने के प्रयास में, वोल्ट एनर्जी (वोल्ट कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड), जो भारत की उभरती हुई क्लीन-टेक कंपनियों में से एक है, ने डेको ग्रुप के कुंडली, सोनीपत (हरियाणा) स्थित प्लांट में 300 किलोवाट की रूफटॉप सोलर परियोजना को सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। डेको ग्रुप उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण में अग्रणी है। इस परियोजना की मदद से कंपनी की बिजली ग्रिड पर निर्भरता में 25% की कमी आई है, जो उसके पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासनिक लक्ष्यों को मजबूत करती है।
यह सोलर प्लांट 30,000 वर्ग फुट की छत पर फैला है और सालाना लगभग 3.67 लाख यूनिट (द्मड्ढद्ध) स्वच्छ बिजली उत्पन्न करेगा। यह हर साल 400 मीट्रिक टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को रोकने के बराबर है - यानी लगभग 6,000 पेड़ लगाने या 90 कारों को सड़क से हटाने जितना असर।
यह परियोजना रूफटॉप सोलर जैसी वितरित ऊर्जा संसाधनों की शक्ति का एक बेहतरीन उदाहरण है, वोल्ट एनर्जी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और संस्थापक श्री ऋषभ देव बजाज ने कहा। "हमने डेको ग्रुप के इस बड़े औद्योगिक रूफटॉप क्षेत्र का उपयोग करके एक एक अप्रयुक्त स्थान को ऊर्जा पैदा करने वाले साधन में बदल दिया है, जिससे सीधे तौर पर जलवायु संरक्षण और लंबे समय में लागत की बचत में मदद मिल रही है। हमें विश्वास है कि वोल्ट, कंपनियों के लिए बिना किसी तकनीकी या वित्तीय जोखिम के सोलर पर जाना आसान बनाता है, और हमें गर्व है कि हमने इस परियोजना के लिए डेको ग्रुप के साथ साझेदारी की है।
डेको ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री अतुल जैन ने कहा, हमारी ऊर्जा लागत घटी है और हमारा ईएसजी स्कोर बेहतर हुआ है। सोलर, बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (BESS) और वर्चुअल पावर प्लांट्स (VPPs) जैसे नवाचार ही भविष्य की कुशल मैन्युफैक्चरिंग का रास्ता हैं। वोल्ट एनर्जी ने अपने सशक्त पीपीए मॉडल और बेहतरीन सेवा के जरिए हमारे लिए स्वच्छ ऊर्जा की ओर जाना आसान और प्रभावशाली बना दिया।

# लोहारू पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान, 12 वाहनों का किया चालान

लोक प्रेरणा

**लोहारू।** पुलिस अधीक्षक मनबीर सिंह के निर्देशानुसार लोहारू पुलिस द्वारा वीरवार सुबह सात बजे से साढ़े 10 बजे तक लोहारू में सडक़ सुरक्षा जांच अभियान चलाया गया तथा वाहनों की जांच की गई। थाना प्रभारी अशोक कुमार के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान एसआई लाल सिंह व उनकी टीम ने वाहनों की जांच की। इस दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 12 वाहनों के चालान किए। पुलिस ने अभियान के तहत गलत दिशा में ड्राइविंग करने, ओवरस्पीड, क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने, हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग न करने सहित यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई तथा चेतावनी भी दी गई। वहीं दूसरी ओर पुलिस की जांच अभियान की सूचना मिलते ही दुपहिया वाहन चालक पतली गलियों से खिसकते नजर आए। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए अभियान चलाया गया है तथा वाहन के दस्तावेज पूरे न मिलने, यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहनों का चालान किया गया है। वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें हिदायत भी दी गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा तथा यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें तथा अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों को वाहन का प्रयोग न करने दे अन्यथा वाहन को इंपाउंड किया जाएगा।

# नथिंग फ़ोन (3) और नथिंग ओवर-ईयर ऑडियो प्रोडक्ट हेडफ़ोन (1) लॉन्च

लोक प्रेरणा

**करनाल।** लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग ने आज भारत में दो श्रेणी-परिभाषित उत्पादों के लॉन्च की घोषणा की - नथिंग फ़ोन (3), इसका पहला ट्रू फ्लैगशिप स्मार्टफ़ोन, और नथिंग हेडफ़ोन (1), इसका पहला ओवर-ईयर ऑडियो उत्पाद है। नथिंग फ़ोन (3) स्मार्टफ़ोन परफ़ॉर्मेंस और एक्सप्रेशन के एक नए युग की शुरुआत करता है। इसे टेक फ़ील महसूस कराने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें प्रो-ग्रेड ट्रिपल कैमरा सिस्टम है । नथिंग फ़ोन (3) एंड्रॉइड 15 और नथिंग हृस 3.5 के साथ आता है।

# दिल्ली हाईकोर्ट की पतंजलि च्यवनप्राश के विज्ञापन पर रोक

## डाबर बोली- हमारा च्यवनप्राश आयुर्वेदिक औषधि, ऐसे विज्ञापन प्रोडक्ट को बदनाम कर रहे

**नई दिल्ली।**

दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को पतंजलि को निर्देश दिया है कि वह डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ कोई भी नकारात्मक या भ्रामक विज्ञापन न दिखाए। यह आदेश जस्टिस मिनी पुष्करणा ने डाबर की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के बाद दिया।

डाबर ने कोर्ट में तर्क रखा कि इस तरह के विज्ञापन न सिर्फ उनके उत्पाद को बदनाम करते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को गुमराह भी करते हैं। च्यवनप्राश एक पारंपरिक आयुर्वेदिक औषधि है, जिसे ड्रग्स और कॉस्मेटिक एक्ट के तहत नियमानुसार ही बनाना होता है। ऐसे में अन्य ब्रांड्स को सामान्य कहना गलत, भ्रामक और नुकसानदायक है।

इस मामले की अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। फिलहाल पतंजलि च्यवनप्राश के विज्ञापन पर रोक लगा दी गई है। केस में डाबर की तरफ से वरिष्ठ वकील संदीप सेठी ने वकालत की, जबकि पतंजलि की ओर से वरिष्ठ वकील राजीव नायर और जयंत मेहता पेश हुए थे। संदीप सेठी ने कहा,

पतंजलि अपने विज्ञापन में डाबर के च्यवनप्राश को "सामान्य" और आयुर्वेद की परंपरा से दूर बताकर प्रोडक्ट की छवि को नुकसान पहुंचा रहा है। इस विज्ञापन में स्वामी रामदेव खुद यह कहते नजर आते हैं कि जिन्हें आयुर्वेद और वेदों का ज्ञान नहीं, वे पारंपरिक च्यवनप्राश कैसे बना सकते हैं?

**डाबर का आरोप- पतंजलि उनके प्रोडक्ट की इमेज खराब कर रहा**

इसके अलावा डाबर ने कहा, 'पतंजलि के विज्ञापन में 40 औषधियों वाले च्यवनप्राश को साधारण कहा गया है। यह हमारे उत्पाद पर सीधा निशाना है।' डाबर अपने च्यवनप्राश को "40+ जड़ी-बूटियों से बने होने" का दावा करता है। डाबर का कहना है कि च्यवनप्राश बाजार में उनकी 60% से ज्यादा हिस्सेदारी है।

डाबर ने यह भी कहा कि पतंजलि के विज्ञापन में यह संकेत भी दिया गया है कि दूसरे ब्रांड्स के उत्पादों से स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। डाबर ने तर्क दिया कि पतंजलि पहले भी ऐसे विवादास्पद विज्ञापनों के लिए सुप्रीम कोर्ट में अवमानना के मामलों में घिर चुका है। इससे साफ है कि वह बार-बार ऐसा करता है।

### पहले शरबत विवाद में फंसे थे रामदेव

बाबा रामदेव ने 3 अप्रैल को पतंजलि के शरबत की लॉन्चिंग की थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क पर कहा था कि एक कंपनी शरबत बनाती है। उससे जो पैसा मिलता है, उससे मदरसे और मस्जिदें बनवाती है। बाबा रामदेव ने कहा था कि जैसे लव जिहाद और वोट जिहाद चल रहा है, वैसे ही शरबत जिहाद भी चल रहा है।

इसके खिलाफ रूह अफजा शरबत बनाने वाली कंपनी हमदर्द ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। कंपनी की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने दलीलें दीं। रोहतगी ने कहा कि यह धर्म के नाम पर हमला है।

### हाईकोर्ट बोला- शरबत पर रामदेव का बयान माफी लायक नहीं

दिल्ली हाईकोर्ट ने ङ्कद्घष्ठश्चह् पर नाराजगी जताई। जस्टिस अमित बंसल ने कहा कि यह बयान माफी लायक नहीं है। इसने कोर्ट की अंतरआत्मा झकझोर दी।

कोर्ट की फटकार के बाद पतंजलि के फाउंडर रामदेव ने कहा कि हम ऐसे सभी ङ्कद्घष्ठश्चह् हटा लेंगे, जिनमें धार्मिक टिप्पणियां की गई हैं। कोर्ट ने रामदेव को एफिडेविट दाखिल करने का आदेश भी दिया है।

### भ्रामक विज्ञापन केस में कोर्ट से माफी मांग चुके रामदेव

अगस्त 2022: इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (ढ्ढरू) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, आरोप- पतंजलि कोविड और दूसरी बीमारियों के इलाज के झूठे दावे कर रही है।

नवंबर 2023: सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि को भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाने का आदेश दिया, लेकिन आदेश के बाद भी कंपनी ने प्रचार जारी रखा।

27 फरवरी 2024: कोर्ट ने पतंजलि को फिर फटकार लगाई और बाबा रामदेव-आचार्य बालकृष्ण को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने का आदेश दिया।

## संक्षिप्त

### टीएसपीसी के जोनल कमांडर की गोली मारकर हत्या



**हजारीबाग ।** हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। बुधवार को केरेडारी-बुंडू रोड पर गेरुआ नदी के पास युवक का शव मिला। स्थानीय लोगों ने शव देखने ही पुलिस को मामले की सूचना दी। युवक के सीने में गोली मारी गयी है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के सब जोनल कमांडर अनीश अंसारी के रूप में हुई है। अनीश रांची जिले के बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे गांव का निवासी था।

### हर एक लाठी और हर एक अन्याय का हिसाब लिया जाएगा : बाबूलाल



**रांची ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भोगनाडीह लाठी चार्ज मामले को लेकर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। मरांडी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि जिस धरती से सिद्धो-कान्हू उठे थे, उस धरती पर ये अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर एक लाठी और हर एक अन्याय का हिसाब लिया जाएगा। मरांडी ने सोशल मीडिया पर कहा कि हेमंत सरकार आज जनरल डायर की भूमिका निभाती नजर आ रही है।

### न्यूयॉर्क के फैंसी फूड शो में चमकी असम की अतुल्य चाय




**गुवाहाटी/ न्यूयार्क ।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि असम की चाय की 200 वर्षों की रंगीन यात्रा को न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित समर फैंसी फूड शो में प्रस्तुत किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर 'अतुल्य असम' की ब्रांडिंग के तहत न केवल राज्य की चाय के स्वाद को दुनिया के सामने लाया गया, बल्कि उसके सांस्कृतिक महत्व को भी दर्शाया गया। मशहूर शेफ विकास खन्ना जैसे विशेष अतिथियों ने इस प्रदर्शनी में भाग लिया और असम की चाय की प्रशंसा करते हुए इसका समर्थन किया।

# हरियाणा में इनामी तहसीलदार सस्पेंड

## पहले सरकार ने मंत्री के इलाके में ट्रांसफर किया था, रिश्वत केस में 4 महीने से फरार

**कैथल।**

हरियाणा में रिश्वत मामले में फंसे तहसीलदार मंजीत मलिक को सरकार ने सस्पेंड कर दिया है। गुरुवार को सरकार ने इसको लेकर ऑर्डर जारी किया। मंजीत को अंबाला ष्ठष्ट ऑफिस में अटैच किया गया है। वह रिश्वतखोरी के केस में 4 महीने से फरार है। उसे इनामी तक घोषित किया जा चुका है।

इससे पहले मंजीत का ट्रांसफर कैथल के गुहला से मंत्री श्रुति चौधरी के विधानसभा क्षेत्र तोशाम में कर दिया गया था।

फरवरी महीने में मलिक पर एंटी करप्शन ब्यूरो ने भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया था। ACB ने रेड कर क्लर्क को पकड़ा था, लेकिन इसकी भनक लगते ही तहसीलदार फरार हो गया।

यहां तक कि उस वक्त मलिक की ड्यूटी नगरपालिका चुनाव में बतौर असिस्टेंट रिटर्निंग अफसर लगी थी, लेकिन वह उसे बीच में ही छोड़कर भाग निकला। इसके बाद से वह अंडरग्राउंड है।



यह फोटो 18 फरवरी 2025 की है, जिस वक्त एसीबी की रेड हुई तो तहसीलदार चुनावी ड्यूटी से जुड़ी मीटिंग कर रहा था, लेकिन भनक लगते ही मीटिंग बीच में छोड़ फरार हो गया। - फाइल फोटो

### प्लॉट की रजिस्ट्री के लिए तहसीलदार से बात की

कैथल के चीका के वार्ड-3 के रहने वाले विजय कुमार ने एससीबी को शिकायत दी थी कि उसने चीका की अमर सिटी कॉलोनी में 151 गज का एक प्लॉट खरीदा था। वह अपनी भाभी के नाम पर इस प्लॉट की रजिस्ट्री करवाना चाहता था। इसके लिए सारे कागजात तैयार कर उसने 23 जनवरी 2025 का टाइम ले लिया।

विजय कुमार ने आगे बताया- मैं भाभी के साथ वहां रजिस्ट्री क्लर्क प्रदीप कुमार से मिला तो उसने कहा कि तहसीलदार से मिलो। वह तहसीलदार के पास गया तो उसने क्लर्क प्रदीप को कहा कि कागजात ठीक हैं। इस पर 10 रुपए की टिकट लगाकर रजिस्ट्री करा लो। जब उसने क्लर्क को पूछा कि 10 रुपए की कौन सी टिकट लगनी है तो क्लर्क ने कहा- 10 रुपए की टिकट का मतलब 10 हजार रुपए है।

### शिकायत की तो तहसीलदार भड़क गया, स्टे का बहाना बनाया

विजय ने आगे कहा- वह इसकी शिकायत लेकर तहसीलदार मलिक के पास गए। तहसीलदार को कहा कि रजिस्ट्री क्लर्क 10 हजार की रिश्वत मांग रहा है। यह सुनकर तहसीलदार भड़क गया। उसने कहा कि इस खेवट पर स्टे है। इसकी रजिस्ट्री नहीं होगी। तहसीलदार ने बिना कोई कारण बताए उसका रजिस्ट्री का टोकन रद्द कर दिया।

### कागज पर स्टे नहीं था, दोबारा जाने पर भी रिश्वत मांगी

विजय ने आगे कहा कि उसने खेवट से संबंधित सारे कागजात चेक किए तो देखा कि उस पर कोई स्टे नहीं है। वह 6 फरवरी 2025 को फिर तहसीलदार से मिला और कहा कि खेवट पर कोई स्टे नहीं है। तहसीलदार ने फिर क्लर्क प्रदीप से मिलने को कहा। वह प्रदीप के पास गए तो उसने रजिस्ट्री के एवज में कैश 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। इससे परेशान विजय ने एसीबी को शिकायत कर दी।

### एसीबी ने रजिस्ट्री क्लर्क को रंगेहाथ पकड़ा

इसकी शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने 18 फरवरी को गुहला तहसीलदार के दफ्तर में ट्रैप लगाया। इस दौरान रजिस्ट्री क्लर्क को शिकायत करने वाले से 10 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया गया। क्लर्क ने रजिस्ट्री के बदले रिश्वत मांगी थी।

### क्लर्क ने तहसीलदार का नाम लिया, कोड वर्ड में लेते थे रिश्वत

क्लर्क से एसीबी की पूछताछ में पता चला कि इसमें तहसीलदार मंजीत मलिक भी शामिल है। तहसील कार्यालय में रजिस्ट्री कराने वालों से रिश्वत वसूलने के लिए एक गुप्त कोड तैयार किया गया था। अगर किसी से रिश्वत लेनी होती तो उसकी उसकी रजिस्ट्री पर 10 रुपए का टिकट लगाने के लिए कहा जाता। इसका मतलब होता कि काम करवाने के लिए 10 हजार रुपए रिश्वत देनी पड़ेगी।

### पता चलते ही ड्यूटी छोड़ भागा तहसीलदार

जिस वक्त यह कार्रवाई गई, उस वक्त तहसीलदार मलिक को चुनाव आयोग ने सीवन नगर पालिका चुनाव में सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एआरओ) और नोडल अधिकारी तैनात किया था। मगर, जैसे ही रेड का पता चला तो तहसीलदार चुनावी ड्यूटी भी बीच में से ही छोड़कर भाग गया।

# पिछले 11 सालों में भारत की जीडीपी दोगुनी हुई, 2030 तक बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : हरदीप पुरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नई दिल्ली में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के 77वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत ने महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति की है। भारत अब दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, जो 2014 के 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2025 में 4.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। पुरी ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश ने साहसिक नीतिगत सुधारों, व्यापक सामाजिक कल्याण योजनाओं और मजबूत वित्तीय प्रबंधन के माध्यम से विकास की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि भारत ने हाल ही में जापान को पीछे छोड़ दिया है और 2030 तक जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

उन्होंने भारत सरकार द्वारा लागू की गई प्रमुख सामाजिक पहलों का भी उल्लेख किया, जिनमें 27 करोड़ से अधिक नागरिकों को गरीबी से बाहर निकालने, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग चार करोड़ घरों को मंजूरी देने और जल जीवन मिशन के तहत 15.4 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल मुहैया कराना शामिल है। इसके अलावा आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य कवरेज प्रदान किया गया है, जिससे समावेशी विकास की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया गया है। भारत में किए गए आर्थिक सुधारों के बारे में बताते हुए मंत्री ने कहा कि 2014 से 2025 तक देश में 748 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह हुआ, जो पिछले दशक की तुलना में 143 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। उन्होंने बताया कि भारत के कर सुधारों और डिजिटल भुगतान प्रणाली में हुए सुधारों ने देश के व्यापार परिदृश्य को मजबूत किया है।

# कोरोना वैक्सीन और हार्ट अटैक से हो रही मौतों के बीच कोई संबंध नहीं : स्वास्थ्य मंत्रालय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE
सत्यमेव जयते

देश में हाल के दिनों में हार्ट अटैक से अचानक मौत के कई मामले देखने को मिले हैं। इसके बाद ये सवाल उठने लगे कि इसका कहीं कोरोना वैक्सीन से कनेक्शन तो नहीं है। ऐसे में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड-19 वैक्सीन को लेकर चल रही इन तमाम अफवाहों को खारिज करते स्पष्ट किया कि देश में कई एजेंसियों के माध्यम से अचानक अस्पष्टीकृत मौतों के मामले की जांच की गई है। इन अध्ययनों ने निर्णायक रूप से स्थापित किया है कि कोरोना टीकाकरण और देश में अचानक मौतों की रिपोर्ट के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) के अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारत में कोरोना टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं, जिनमें गंभीर दुष्प्रभावों के बहुत कम मामले सामने आए हैं। मंत्रालय ने कहा कि अचानक हृदय संबंधी मौतें कई तरह के कारकों के कारण हो सकती हैं, जिनमें आनुवंशिकी, जीवनशैली, पहले से मौजूद बीमारियां और कोविड के बाद की जटिलताएं शामिल हैं। आईसीएमआर और एनसीडीसी अचानक अस्पष्टीकृत मौतों के पीछे के कारणों को समझने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। खासकर 18 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं में इसका पता लगाने के लिए, अलग-अलग शोध दृष्टिकोणों का उपयोग करके दो पूरक अध्ययन किए गए। एक पिछले डेटा पर आधारित और दूसरा वास्तविक समय की जांच से जुड़ा हुआ है। आईसीएमआर के राष्ट्रीय महामारी विज्ञान संस्थान (एनआईई) द्वारा किए गए पहले अध्ययन का शीर्षक था "भारत में 18-45 वर्ष की आयु के वयस्कों में अचानक होने वाली मौतों से जुड़े कारक - एक बहुकेंद्रित मिलान केस-कंट्रोल अध्ययन।" यह अध्ययन मई से अगस्त 2023 तक 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 तृतीयक देखभाल अस्पतालों में किया गया था।

# ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर कांवड़ियों से भरा ट्रक पलटा, तीन की मौत, 18 घायल

**एजेंसी, नई टिहरी**



ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर नरेंद्रनगर थाना क्षेत्र के ताछला के पास बुलंदशहर (यूपी) से गंगोत्री जा रहे कांवड़ियों का ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में तीन कांवड़ियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 18 लोग घायल हो गए।

घायलों को पीएचसी फकोट में प्राथमिक उपचार के बाद 15 को हायर उप जिला अस्पताल नरेंद्रनगर और तीन गंभीर घायलों को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए तत्काल राहत व उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।वन मंत्री सुबोध उनियाल ने नरेंद्रनगर अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना और हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल व एसएसपी आयुष अग्रवाल ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया। नरेंद्रनगर के थानाध्यक्ष संजय मिश्रा ने बताया कि बुधवार सुबह के वक्त ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर फकोट और जाजल के बीच ताछला में यूपी के सिकंदराबाद बुलंदशहर के कांवड़ियों का ट्रक संख्या यूपी 13-बीटी-8739 सड़क पर पलट गया। वे सभी कांवड़-भंडारा के लिए हर्षिल उत्तरकाशी जा रहे थे। वाहन में कुल 21 लोग सवार थे।

सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ के जवानों ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया। इस दौरान एक चार साल का बच्चा भी ट्रक के आगे फंसा था। जिसको पुलिस ने सकुशल बाहर निकाला। दुर्घटना में ट्रक के नीचे दबने से तीन कांवड़ यात्रियों - विक्की (27) पुत्र महेंद्र, सुनील सैनी (42) पुत्र मील चंद और संजय सिंह (46) पुत्र राम सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई, जो सैनियों की बड़ी चौपाल, मोहल्ला कास्तवाडा, जिला बुलंदशहर, सिकंदराबाद, यूपी के निवासी थे।

# झारखंड के सभी जिलों में चार से तीन दिनों तक लगातार होगी बारिश

**एजेंसी, रांची**



झारखंड के सभी जिलों में तीन दिनों तक लगातार बारिश होने की संभावना है। बारिश चार से छह जुलाई तक होगी। यह जानकारी मौसम विभाग ने दी है। विभाग के अनुसार बुधवार को भी राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश होने की संभावना है।

इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान राज्यम में सबसे अधिक बारिश रांची के कांके में 110.2 मिमी रिकॉर्ड की गई। इस दौरान राज्य के अन्य हिस्सों में हुई बारिश में हेरगंज में 107 मिमी, कुरडेग में 92.2, रामगढ़ के भुरकुंडा में 89, पलामू के पांकी में 88.9, धालभूमगढ़ में 85.4, गोयलकेरा में 75.8, नीमडीह में 65.4, गुमला के चैनपुर में 65, पदमा डीवीसी में 64, जमशेदपुर में 55.2, राजधनवार में 55.2, जमशेदपुर के गुड़ाबांधामें 55.2, रामगढ़ में 52.2, तेनुघाट में 51.6, घाटशिला में 46.8, गोविंदपुर में 45, मांडू में 44.4, डुमरी में 41.4, और मांझी में 40.6 , बंदगांव में 40.6, पालगंज में 40, पलामू के लेस्लीगंज में 40, मनोहरपुर में 39.8, कुमारडूंगी 38.8, महारो 36.2, रामगढ़ के गोला में 36, नामकुम में 35.2, रामगढ़ के पतरातू में 35 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

वहीं रांची और आसपास के इलाकों में बुधवार को सुबह से बादल छाए रहे। बुधवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.4, 28.1, 32.6, 31.5 और चाईबासा में तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# पटना में डोमिसाइल नीति की मांग को लेकर सड़क पर उतरे छात्र

**एजेंसी, पटना**




राजधानी पटना में सरकारी नौकरियों में डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग को लेकर छात्रों ने बुधवार को सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। पटना कॉलेज से शुरू हुआ छात्रों का प्रदर्शन शहर के प्रमुख मार्गों तक पहुंचा। हजारों छात्रों ने "वोट दे बिहारी, नौकरी ले बाहरी, अब नहीं चलेगा" जैसे नारे लगाते हुए बिहार सरकार से नौकरियों में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने की मांग की। छात्रों का कहना है कि जब तक सरकार इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख नहीं अपनाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलनकारियों की मांग है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खुद सामने आकर डोमिसाइल नीति पर सरकार का रुख स्पष्ट करें। इससे पहले भी पटना में डोमिसाइल नीति को लेकर कई बार छात्र प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन इस बार का आंदोलन बड़े स्तर पर आयोजित किया गया है।

इसे 'महान छात्र आंदोलन' का नाम दिया गया है। छात्र गांधी चौक, मुसल्लहपुर हाट, भिखना पहाड़ी, नया टोला, मछुआ टोली, हथुआ मार्केट होते हुए गांधी मैदान, जेपी गोलंबर, डाक बंगला होते हुए मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंचे , जहां पुलिस बल ने बल प्रयोग कर उन्हें वहां से हटा दिया। सैकड़ों छात्र अलग अलग जिले से पटना पहुंचे थें। छात्रों की मांग है कि शिक्षक भर्ती परीक्षा में 100 प्रतिशत डोमिसाइल लागू किया जाए।

# शैक्षणिक संस्थानों में पिछले कुछ वर्षों में बढ़ी प्रताड़नाएं

शैक्षणिक संस्थानों में नए सत्र के विद्यार्थियों से पुराने छात्रों के परिचय की परंपरा पुरानी है, पर पिछले कुछ वर्षों से यह प्रताड़ना का पर्याय बनती गई है। इस नई परंपरा को रैगिंग कहा जाता है। कई संस्थानों में तो यह इस हद तक क्रूर देखी-पाई गई है कि कई नए विद्यार्थियों ने तंग आकर जान तक दे दी। इसे रोकने के लिए कड़े नियम-कायदे बनाए गए, इसके दोषी पाए जाने वाले विद्यार्थियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाते हैं, जेल तक भेजने का प्रावधान है, उन्हें संस्थान से निलंबित कर दिया जाता है। फिर भी हैरानी की बात है कि परिचय की यह भयावह परिपाटी बंद नहीं हुई है।

विचित्र बात है कि इसे रोकने में देश के कई बड़े शैक्षणिक संस्थान भी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी ने चिह्नित किया है कि कई संस्थान रैगिंगरोधी नियमों का कड़ाई से पालन नहीं करते और न उन्होंने इसके व्यावहारिक उपाय कर रखे हैं। इसे लेकर यूजीसी ने चार आइआइटी, तीन आइआइएम सहित देश भर के नवासी शैक्षणिक संस्थानों को नोटिस जारी किया है। इनमें सत्रह राष्ट्रीय महत्त्व के संस्थान हैं। यूजीसी ने कहा है कि अगर इन संस्थानों ने तीस दिन के भीतर रैगिंगरोधी मानदंडों का अनुपालन नहीं किया तो उनकी वित्तीय सहायता रोक दी जाएगी, उनकी मान्यता रद्द करने पर भी विचार किया जा सकता है। दरअसल, रैगिंग की वजह से विद्यार्थियों के मन-मस्तिष्क को पहुंचने वाले आघात के मद्देनजर यूजीसी विनियमन के तहत नियम बनाया गया कि सभी शैक्षणिक संस्थान दाखिले के समय सभी विद्यार्थियों और उनके माता-पिता से रैगिंग में हिस्सा न लेने का शपथपत्र और हलफनामा जमा कराएंगे। मगर यूजीसी ने जांच में पाया है कि इस नियम को बने करीब पंद्रह वर्ष बीत जाने के बावजूद सभी संस्थान इसका ठीक से अनुपालन नहीं करते। यही नहीं, रैगिंग पर निगरानी रखने और उसे रोकने के लिए उनमें समुचित व्यवस्था भी नहीं की गई है। समझना मुश्किल नहीं है कि संस्थानों के इस ढीले-ढाले रवैए के चलते विद्यार्थियों में रैगिंग करने का साहस बनता है। यों तो हर संस्थान में बड़ी-बड़ी पट्टिकाएं लगा कर घोषित किया जाता है कि उनके परिसर में रैगिंग एक दंडनीय अपराध है, पर हकीकत यह है कि उनमें रैगिंग का सिलसिला खत्म नहीं हुआ है। उन पर ध्यान तब जाता है, जब कोई बड़ी घटना घट जाती है। सवाल है कि किसी संस्थान को रैगिंग जैसी क्रूर परंपरा को बंद कराने में ढिलाई क्यों बरतनी चाहिए।पुराने विद्यार्थियों का नए विद्यार्थियों से परिचय, मेलजोल कोई बुरी बात नहीं है। मगर इसके नाम पर किसी का मजाक उड़ाना, उसे प्रताड़ित करना, इस कदर भयभीत कर देना या उसमें हीन भावना भर देना कि वह मानसिक त्रास से अवसाद में चला जाए या खुदकुशी जैसा कदम उठा ले, तो इसे किसी भी रूप में उचित नहीं कहा जा सकता। पुरानी परिपाटी तो नए विद्यार्थियों के स्वागत समारोह की रही है, उसने रैगिंग का विकृत रूप कैसे ले लिया, कहना मुश्किल है। मगर कोई शैक्षणिक संस्थान खुद इस विकृत रूप को कैसे बने रहने दे सकता है। क्या उन संस्थानों को इस बात की जानकारी नहीं कि रैगिंग के दौरान क्या होता है और उसका नए विद्यार्थियों पर कैसा असर पड़ता है। फिर दाखिले के वक्त उनसे यह शपथ-पत्र लेने में क्यों गुरेज होनी चाहिए कि वे रैगिंग में हिस्सा नहीं लेंगे।



## पूरे देश में अनुमान के मुकाबले नौ दिन पहले आ गया मानसून



मौसम की अपनी गति होती है। बरसात के साथ गर्मी या ठंड के अनुमानित समय में थोड़ा आगे-पीछे होना एक प्राकृतिक चक्र रहा है। इस वर्ष मानसून के बारे में अनुमान लगाया जा रहा था कि इसका आगमन समय से थोड़ा पहले हो सकता है। अब भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी है कि इस वर्ष रविवार को मानसून पूरे देश में अनुमान के मुकाबले नौ दिन पहले आ गया है। सन 2020 के बाद यह पहला मौका है, जब मानसून पूरे देश में इतनी जल्दी आ गया। इससे पहले इस बार भारत के दक्षिणी छोर पर केरल तक मानसून दस दिन पहले ही पहुंच गया था। हालांकि कुछ दिनों पहले से दिल्ली और देश के कुछ अन्य हिस्सों में घने बादल छा रहे थे, लेकिन बारिश न होने की वजह से मौसम में नमी और गरमी ने लोगों को थोड़ा परेशान कर दिया था। लेकिन दो दिन देरी से सही, दिल्ली के कई इलाकों में खासी बारिश होने के बाद आइएमडी ने रविवार को मानसून के आगमन की घोषणा की। इसके साथ ही तेज गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिली। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की मानें तो इस वर्ष बारिश सामान्य से अधिक होगी। अपनी जरूरतों के लिए मानसून पर निर्भर देश के ज्यादातर इलाकों में बरसात पूर्वानुमानों के मुताबिक ही हो सकती है। जाहिर है, देश के जिन राज्यों में कृषि आमतौर पर बारिश के मौसम पर निर्भर है, उन इलाकों में भरपूर बारिश होने की संभावना है। गौरतलब है कि भारत में साठ फीसद से ज्यादा खेती मानसून पर निर्भर है। धान, मक्का, बाजरा, रागी, अरहर जैसी खरीफ की फसलें दक्षिण-पश्चिम मानसून पर ही निर्भर रहती हैं। अब मानसून के जल्दी आने से फसलों की बुआई भी थोड़ा पहले होने की उम्मीद की जा सकती है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि खरीफ की फसलें देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन के पचपन फीसद के बराबर हैं। इसके अलावा, लौटता मानसून भी गेहूं, चना, मटर, जौ वगैरह रबी फसलों के लिए काफी अहम होता है। यानी देश की अर्थव्यवस्था के लिहाज से मानसून और इस वर्ष इसके नौ दिन पहले आने की अहमियत को समझा सकता है।

## आज का कार्टून




# बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का काम शुरू

> बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी। केंद्र सरकार ने जब पूरे देश में एनआरसी लागू करने की बात कही थी तो बिहार में इस इलाके से भी विरोध के सुर उठे थे। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में राजद का वोट शेयर बढ़ा था। राजद को 23.11 फीसदी वोट मिले। भाजपा को 19.46 प्रतिशत ही वोट मिले, जदयू के खाते में 15.42 प्रतिशत वोट आया। 2024 लोकसभा चुनाव में बिहार में भाजपा और जेडीयू ने 12-12 सीटें जीती। आरजेडी ने 4 सीटें, कांग्रेस ने 3 सीटें और एलजेपी (आर) ने 5 सीटें जीती हैं। सीपीआई (एमएल) ने 2 सीटें जीती हैं, जबकि एचएएम और एक स्वतंत्र उम्मीदवार ने 1-1 सीट जीती है।

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**



बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इन्टेन्सिव रिवीजन –एस.आई.आर.) का काम शुरू हो गया है। चुनाव आयोग के मुताबिक उसकी इस पहल का मकसद मतदाता सूची को शुद्ध और वास्तविक बनाना है। हालांकि, विपक्षी दलों ने मतदाता सूची में छेड़छाड़ के व्यापक आरोप लगाए हैं। लगभग सभी ने एसआईआर का विरोध किया है और कहा है कि इससे मताधिकार से वंचित होने का गंभीर खतरा है। बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर 7.89 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। राज्य में इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

बिहार में इस तरह का आखिरी गहन संशोधन 2003 में किया गया था। चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार में 2003 की मतदाता सूची को फिर से वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, जिसमें 4.96 करोड़ लोगों के नाम हैं। इनमें शामिल लोगों को जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए दस्तावेज नहीं देने होंगे। बाकी 3 करोड़ मतदाताओं को प्रमाण के लिए दस्तावेज देने होंगे। वोटिंग लिस्ट में ये संशोधन ऐसे वक्त किए जाने हैं जब बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. ऐसे में विपक्षी पार्टियां इस पर नाराज़गी जता रही हैं। इस मसले पर विपक्ष की ओर से एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई थी, जिसमें बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कई मुद्दे उठाए थे और व्यावहारिक समस्याएं बताई थीं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस कदम को एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर) से भी ज्यादा खतरनाक बताया और आरोप लगाया कि उनका राज्य, जहां अगले साल चुनाव होने हैं, असली लक्ष्य है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 7 जून को महाराष्ट्र की मैच फिक्सिंग के बारे में कई बातें लिखी थीं। उन्होंने लिखा था, ज्क्योंकि महाराष्ट्र की यह मैच फिक्सिंग अब बिहार में भी दोहराई जाएगी और फिर वहां भी, जहां-जहां बीजेपी हार रही होगी।

तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने 28 जून को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पिछले दरवाजे से एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) लाने का एक भयावह कदम है। इससे पहले ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इसको लेकर सवाल उठाए। उन्होंने 27 जून को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, निर्वाचन आयोग बिहार में गुप्त तरीके से एनआरसी लागू कर रहा है। जबकि सत्तारूढ़ दलों ने इसे पूर्व की चुनावी धांधली पर चुनाव आयोग की सख्ती के साथ पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है।

महागठबंधन के प्रमुख घटक दल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 2003 में जब मतदाता सूची का पुनरीक्षण हुआ था तो उसमें दो साल लगे थे और तब साढ़े चार करोड़ से कुछ ज्यादा मतदाता थे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) का मानना है कि विधानसभा चुनाव से एक महीने पहले सघन पुनरीक्षण अभियान संभव नहीं है। राजद नेताओं ने सवाल उठाया कि अगर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की इतनी आवश्यकता है, तो यह केवल बिहार में ही क्यों किया जा रहा है? क्या देश के अन्य राज्यों को इसकी जरूरत नहीं है? नेताओं ने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया बिहार को निशाना बनाने की एक सोची-समझी रणनीति है।

संविधान का अनुच्छेद 324 (1) भारत के निर्वाचन आयोग को संसद और राज्य विधानसभाओं के- चुनावों के लिए मतदाता सूची तैयार करने और उनके संचालन के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण की शक्ति देता है। गहन पुनरीक्षण में मतदाता सूची को नए सिरे से तैयार किया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग बिहार के बाद, चुनाव आयोग इस वर्ष के अंत तक 2026 में चुनाव होने वाले पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की इसी प्रकार की समीक्षा करेगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है। ध्यान रहे पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है।

राजनीतिक हलकों में इस बात की जोरों से चर्चा है कि बिहार के बाद मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की बारी पश्चिम बंगाल की होगी। तभी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बहुत बेचैन है। तृणमूल कांग्रेस को यह चिंता सता रही है कि अगर चुनाव आयोग ने चुनिंदा विधानसभा क्षेत्रों में टारगेट करके मतदाताओं के नाम काटे तो उसका फायदा भाजपा को होगा। पश्चिम बंगाल में 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है, जिसके बारे में भाजपा आरोप लगाती है कि इनमें बड़ी संख्या बांग्लादेशी और रोहिंग्या की है। इनका वोट एकमुश्त तृणमूल को जाता है। हर क्षेत्र में 10 से 20 हजार नाम अगर कट जाते हैं तो तृणमूल को उसका बड़ा नुकसान होगा। हालांकि बिहार से उलट पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता ज्यादा जागरूक और सक्रिय हैं। वे आसानी से नाम नहीं कटने देंगे। पिछले कई महीनों से वे खुद घर घर जाकर सब चेक कर रहे हैं।

बिहार की राजनीति को करीब से जानने वालों के अनुसार, निर्वाचन आयोग देश में अवैध रूप से बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार से आकर जो लोग रह रहे हैं, जिन्होंने मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा लिया है। वैसे लोगों को मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू की है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जो भी अवैध रूप से बिहार आकर बस गए हैं, उनका वोट विपक्ष को जाता है। यही कारण है कि इंडिया गठबंधन के घटक दल हो या ओवैसी, इनको इस बात का डर सता रहा है कि मतदाता सूची से यदि इनका नाम कट गया तो उनका राजनीतिक रूप से नुकसान होगा।


बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी। केंद्र सरकार ने जब पूरे देश में एनआरसी लागू करने की बात कही थी तो बिहार में इस इलाके से भी विरोध के सुर उठे थे। 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में राजद का वोट शेयर बढ़ा था। राजद को 23.11 फीसदी वोट मिले। भाजपा को 19.46 प्रतिशत ही वोट मिले, जदयू के खाते में 15.42 प्रतिशत वोट आया। 2024 लोकसभा चुनाव में बिहार में भाजपा और जेडीयू ने 12-12 सीटें जीती। आरजेडी ने 4 सीटें, कांग्रेस ने 3 सीटें और एलजेपी (आर) ने 5 सीटें जीती हैं। सीपीआई (एमएल) ने 2 सीटें जीती हैं, जबकि एचएएम और एक स्वतंत्र उम्मीदवार ने 1-1 सीट जीती है।

जाति आधारित सर्वेक्षण आंकड़ों के अनुसार बिहार में करीब 17.70 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। वहीं, बिहार की 243 विधानसभा सीटों में से 47 सीटें ऐसी हैं, जहां मुस्लिम वोटर अहम भूमिका अदा करते हैं। इन इलाकों में मुस्लिम आबादी 20 से 40 प्रतिशत या इससे भी अधिक है। बिहार की 11 सीटें हैं, 10 से 30 फीसदी के बीच मुस्लिम मतदाता हैं। जानकारों का मानना है कि चुनिंदा क्षेत्रों में अगर एक निश्चित मात्रा में नाम कट जाएं तो मुकाबला कमजोर हो जाएगा। इसको समझने के बावजूद विपक्षी पार्टियां सड़क पर नहीं उतर रही हैं। हो सकता है कि इससे मुकाबले के लिए वे न्यायपालिका का रुख करें।

# आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता जरूरी, अब सिर्फ निंदा नहीं ठोस कार्रवाई हो

आतंकवाद आज पूरी दुनिया में मानवता के लिए बड़ा खतरा बन गया है। यह शांति, सह-अस्तित्व, विकास और लोकतंत्रिक मूल्यों के लिए चुनौती खड़ी कर रहा है। किसी भी धार्मिक, वैचारिक या राजनीतिक कारणों से आतंकवाद को जायज नहीं ठहराया जा सकता। यह एक ऐसा नासूर बन चुका है, जो अपने आप खत्म नहीं होगा। इसके खात्मे के लिए ठोस और सामूहिक प्रयास की जरूरत है। भारत आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में वैश्विक समुदाय को एकजुट करने की कोशिश करता रहा है।

परिणामस्वरूप कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद के खिलाफ मुखरता से आवाज उठी है। अब चार देशों के समूह क्वाड ने भी जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। साथ ही इस हमले की साजिश रचने वालों, उसे अंजाम देने वालों और इसके वित्त पोषकों को बिना किसी देरी के न्याय के कठघरे में लाने का आह्वान किया है। क्वाड के इस कदम से आतंकवाद के खिलाफ भारत की 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' की नीति को बल मिला है।



### आतंकवाद के खात्मे के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एकजुटता में अब भी कमी

यह बात छिपी नहीं है कि पाकिस्तान समेत कुछ चुनिंदा देश आतंकियों का पालन-पोषण कर उन्हें हथियार की तरह इस्तेमाल करते हैं। भारत ने कई मौकों पर पाकिस्तान की इस असलियत को वैश्विक समुदाय के समक्ष सबूतों के साथ उजागर किया है। मगर, पाकिस्तान हमेशा इससे इनकार करता रहा है। हालांकि, आतंकवाद के खिलाफ दुनिया के हर कोने से आवाज उठ रही है, लेकिन इसके खात्मे के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो एकजुट प्रयास होने चाहिए, वे अभी नजर नहीं आ रहे हैं।

### बर्मिंघम में यशस्वी जायसवाल शतक से चूके, लेकिन तोड़ दिया 51 साल पुराना रिकॉर्ड

जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ में आतंकियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़, घने जंगलों में 3 दहशतगर्दों के छिपने की आशंका

पिछले माह चीन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन में शामिल देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत ने आतंकवाद के मुद्दे को उठाया। मगर, जब साझा बयान जारी करने को लेकर चर्चा हुई, तो पाकिस्तान ने इस मुद्दे को शामिल न करने की बात कही, जिस पर भारतीय पक्ष ने कड़ा विरोध जताया। इससे पाकिस्तान के नापाक इरादों का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

वैसे संयुक्त राष्ट्र ने भी पाकिस्तान में मौजूद कई आतंकियों को वैश्विक सूची में शामिल किया है, लेकिन यह बात समझ से परे है कि सब कुछ जानते हुए हाल ही में पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद रोधी समिति का उपाध्यक्ष किस आधार बनाया गया? अब क्वाड में शामिल देशों अमेरिका, आस्ट्रेलिया, जापान और भारत ने संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से आग्रह किया है कि वे अंतरराष्ट्रीय कानूनों और अपने दायित्वों के अनुसार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सभी संबंधित प्राधिकारों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करें।

इतना ही नहीं, क्वाड ने अपने संदेश में आतंकवाद के खिलाफ भारत की कार्रवाई का भी दृढ़तापूर्वक समर्थन किया है। इस संदेश में भले ही पाकिस्तान का सीधे तौर पर नाम नहीं लिया गया, लेकिन आतंकवाद का पालन-पोषण कौन करता है, यह पहले से जगजाहिर है। ऐसे में वैश्विक समुदाय को चाहिए कि इस मुद्दे पर वह एकजुट होकर ठोस और कड़े कदम उठाए, ताकि आतंकवाद को जड़ से खत्म किया जा सके।

# घने बालों में जूं और लीख ढूंढना होगा आसान, बस इन तरीकों से करें सिर की जांच

जूं और लीख के कारण लगातार होने वाली खुजली शर्मिंदगी का कारण बनती है और चिड़चिड़ापन होने लगता है। ऐसे में अगर आपके बाल भी घने हैं, तो कुछ आसान और असरदार तरीके से मिनटों में सिर की जांच करके इन पैरासाइट्स का पता लगा सकती हैं।

घने-लंबे बाल देखने में काफी खूबसूरत लगते हैं। लेकिन जब इन्हीं घने और लंबे बालों में बिन बुलाए मेहमान यानी की जूं और लीखें अपना घर बना लेती हैं, तो सुकून काफूर हो जाता है। घने और लंबे बालों में इन पैरासाइट्स को ढूंढना किसी मिशन से कम नहीं होता है। लेकिन जूं और लीख के कारण लगातार होने वाली खुजली शर्मिंदगी का कारण बनती है और चिड़चिड़ापन होने लगता है। ऐसे में अगर आपके बाल भी घने हैं, तो कुछ आसान और असरदार तरीके से मिनटों में सिर की जांच करके इन पैरासाइट्स का पता लगा सकती हैं।

ड्राई चेकिंग

सबसे पहले बालों को नॉर्मल कंघी से अच्छे से सुलझा लें। जिससे कि बाल उलझे हुए न लगें।

बालों को छोटे-छोटे सेक्शन में बांट लें। घने बालों के लिए यह स्टेप जरूरी है, आप हेयर क्लिप्स का यूज करके बाकी बालों को बांध सकती हैं।

अब फाइन-टूथ कॉम्ब लें और एक-एक सेक्शन में स्कैल्प से शुरू करते हुए बालों के सिरों तक कंघी करें।

हर स्ट्रोक के बाद कंघी को किसी कागज या सफेद तौलिए पर झाड़ या पोंछ लें।

वेट कॉम्बिंग से निकालें जूं

सबसे पहले बालों को हल्का गीला करें और अच्छी मात्रा में कंडीशनर लगाएं। इससे बाल चिकने हो जाएंगे और कंघी करना आसान होगा। कंडीशनर लगाने से जूं हिलना-डुलना बंद हो जाएगा और इनको पकड़ना काफी आसान होता है।

अब सामान्य कंघी से बालों को सुलझाकर छोटे-छोटे सेक्शन में बांट लें।

इसके बाद जूं वाली कंघी से हर सेक्शन में कंघी करें और बालों के सिरे तक लाएं।

इससे जूं आसानी से सिर से निकल जाएंगी।

विनेगर का इस्तेमाल

आप सफेद सिरके की मदद से भी सिर से जूं निकाल सकती है। क्योंकि इसकी गंध जूं को भगाने पर मजबूर कर देती है और कंघी में आसानी से जूं आ जाती हैं।बालों को धोएं, इस दौरान जब बाल हल्के गीले रहें, तो इसमें विनेगर को कॉटन पैड से स्कैल्प पर अच्छे से अप्लाई करें और कुछ देर के लिए छोड़ दें।अब बालों को 2-4 सेक्शन में अलग-अलग कर लें। फिर जूं वाली कंघी से स्कैल्प से लेकर सिर तक कंघी करें।

इससे जूं अपने आप कंघी में आ जाएगी।

तेल लगाकर निकालें जूं

आप ऑलिव ऑयल लगाकर जूं निकाल सकती हैं। इसके लिए रात भर के लिए स्कैल्प पर तेल लगाएं। तेल लगाने से जूं स्कैल्प छोड़ने पर मजबूर हो जाता है। ऐसे में आप कंघी करके इनको आसानी से निकास सकती हैं।

सबसे पहले ऑलिव ऑयल को हल्का गुनगुना करके स्कैल्प पर 1 मिनट तक मालिश करें। फिर शावर कैप पहनकर रातभर के लिए छोड़ दें।

फिर अगले दिन बालों को सेक्शन में डिवाइड कर लें और कंघी करें। वहीं नीचे सफेद तौलिया बिछा लें। इससे जूं नीचे बिछे तौलिए में गिर जाएंगी।

ऐसे करें बालों की देखभाल

गंदे बालों में जूं और लीख



जल्दी अपना घर बना लेते हैं। इसके लिए हर रोज बालों को अल्टरनेटिव दिन में धोते रहना चाहिए।

अगर सिर में ज्यादा खुजली हो रही है, तो बिना देर किए सिर की जांच करनी चाहिए।

रोजाना बालों में जूं वाली कंघी करना चाहिए। इससे आसानी से जूं निकल जाएंगे।

वहीं गंदी कंघी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे स्कैल्प गंदा हो सकता है और जूं पैदा हो सकते हैं।

# वेट वाइप्स का इस्तेमाल करते समय भूलकर न करें ये गलतियां, वरना स्किन को हो सकता है नुकसान

वेट वाइप्स का इस्तेमाल करते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि इसके इस्तेमाल करते समय अगर आप गलतियां करती हैं, तो स्किन एलर्जी, मुंहासे और जलन समेत कई परेशानियां हो सकती हैं।

फेस पर जमी धूल-मिट्टी, पसीना और मेकअप को हटाने के लिए कई महिलाएं वेट वाइप्स का इस्तेमाल करती हैं। इसकी मदद से एक झटके में फेस पर जमी गंदगी साफ हो जाती है और चेहरा भी फ्रेश नजर आता है। वेट वाइप्स का इस्तेमाल करते समय कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि इसके इस्तेमाल करते समय अगर आप गलतियां करती हैं, तो स्किन एलर्जी, मुंहासे और जलन समेत कई परेशानियां हो सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको वेट वाइप्स के इस्तेमाल के सही तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी बताएंगे कि इनका इस्तेमाल करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

न रगड़ें फेस

कई महिलाएं वेट वाइप्स का इस्तेमाल करने के दौरान फेस को साफ करने और मेकअप को हटाने के लिए रगड़ती हैं। ऐसा करने से स्किन को नुकसान हो सकता है और जलन की समस्या हो सकती है।इसका इस्तेमाल हमेशा हल्के हाथों से करना चाहिए।

चेहरे को करें वॉश



वेट वाइप्स का इस्तेमाल करने के बाद फेस को अच्छे से क्लीन करना जरूरी है। क्योंकि यह फेस की ऊपरी गंदगी और मेकअप को साफ करता है। इसलिए इसका इस्तेमाल करने के बाद फेस को किसी माइल्ड क्लींजर या फिर फेस वॉस की सहायता से अच्छे से धोएं।

इसका इस्तेमाल तभी करें, जब फेस को साफ करना जरूरी हो।

सील बंद वाइप्स का इस्तेमाल

खुले हुए वाइप्स का इस्तेमाल करने से स्किन को नुकसान हो सकता है। क्योंकि खुले वाइप्स में बैक्टीरिया पनप सकते हैं और इसकी वजह से स्किन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। वहीं खुले वाइप्स सूख जाते हैं, जिस वजह से स्किन को नुकसान हो सकता है।


वेट वाइप्स के पैक को हमेशा बंद रखना चाहिए और पैक को सील बंद कर लें।

न इस्तेमाल करें ये वाइप्स

अल्कोहल फ्री वाइप्स का इस्तेमाल करना चाहिए, जिससे आपकी त्वचा को किसी तरह का नुकसान न हो।

वहीं खुशबू वाले वाइप्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। क्योंकि इसमें केमिकल कम होता है और स्किन पर एलर्जी, जलन और रेडनेस की समस्या हो सकती है।

# पैसे बचाने के चक्कर में घर पर ही बनाती हैं मेकअप प्रोडक्ट्स, इन गलतियों से स्किन को हो सकता है भारी नुकसान



होममेड मेकअप प्रोडक्ट्स बनाते समय प्रिजर्वेटिव्स का इस्तेमाल करना जरूरी होता है। कई बार लोग बिना प्रिज़र्वेटिव के क्रीम, जेल या ग्लॉस बनाकर स्टोर कर लेते हैं, जिससे कुछ ही दिनों में बदबू आने लगती है, फंगस भी हो सकता है।अपनी स्किन की खूबसूरती को निखारने के लिए अक्सर हम सभी मेकअप प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन मार्केट में मिलने वाले मेकअप प्रोडक्ट्स ना केवल महंगे होते हैं, बल्कि इनमें कई तरह के केमिकल्स का भी इस्तेमाल किया जाता है। जिससे स्किन पर नेगेटिव असर पड़ता है। ऐसे में घर पर ही मेकअप प्रोडक्ट्स बनाना अच्छा विचार होता है। इनमें ना केमिकल्स होते हैं और ना ही कोई प्रिज़रवेटिव, जिसकी वजह से आपकी स्किन भी सेफ रहती है। घर पर मेकअप प्रोडक्ट्स बनाना यकीनन अच्छा आइडिया है, लेकिन इसे सही तरह से बनाना बेहद जरूरी है। अक्सर घर पर मेकअप प्रोडक्ट्स बनाते समय हम कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर बैठते हैं, जिससे ना केवल मेकअप प्रोडक्ट खराब होता है, बल्कि स्किन पर रैशेज़, पिंपल्स या जलन भी हो सकती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको घर पर ही मेकअप प्रोडक्ट्स बनाते समय कुछ छोटी-छोटी गलतियों के बारे में बता रहे हैं, जिनसे आपको बचना चाहिए-

अपनी स्किन टाइप का ध्यान ना रखना

जब आप मेकअप प्रोडक्ट घर पर बना रही हैं तो आपको अपनी स्किन टाइप का खास ख्याल रखना चाहिए। अक्सर लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे स्किन को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। मसलन, अगर आपकी स्किन ड्राई है और ऑयली प्रोडक्ट्स स्किन पर लगाती हैं तो इससे चेहरे पर पिंपल, रूखापन या रैशेज हो सकते हैं। इसी तरह, नारियल तेल ड्राय स्किन के लिए अच्छा है, लेकिन ऑयली स्किन पर लगाने से पोर्स बंद हो जाते हैं। इसलिए, सबसे पहले अपनी स्किन टाइप समझो, फिर उसी हिसाब से चीज़ें चुनो।

पैच टेस्ट ना करना

भले ही आप घर पर मेकअप प्रोडक्ट बना रही हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप इसे पूरी तरह से सुरक्षित समझें। कई बार घर पर बने मेकअप प्रोडक्ट्स भी आपकी स्किन को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए कभी भी नया होममेड मेकअप प्रोडक्ट सीधे चेहरे पर लगाने की गलती ना करें। इससे एलर्जी, जलन या रेडनेस हो सकती है या फिर स्किन छिल भी सकती है। बेहतर होगा कि आप किसी भी नए प्रोडक्ट को पहले बाजू के अंदर या कान के पीछे लगाकर 24 घंटे देखो। इसके बाद ही इसे इस्तेमाल करें।

प्रिज़र्वेटिव को स्किप करना


होममेड मेकअप प्रोडक्ट्स बनाते समय प्रिजर्वेटिव्स का इस्तेमाल करना जरूरी होता है। कई बार लोग बिना प्रिज़र्वेटिव के क्रीम, जेल या ग्लॉस बनाकर स्टोर कर लेते हैं, जिससे कुछ ही दिनों में बदबू आने लगती है, फंगस भी हो सकता है। हालांकि, होममेड मेकअप प्रोडक्ट्स विटामिन ई ऑयल, रोज़मेरी एक्सट्रैक्ट या कोई नैचुरल प्रिज़र्वेटिव इस्तेमाल करो। इसे फ्रिज में रखो और छोटे बैच में बनाओ।

# चेहरे के अनचाहे बालों की ग्रोथ होगी कम, बार-बार पार्लर जाने की नहीं पड़ेगी जरूरत

परेशानी तब बढ़ जाती है, जब बालों की ग्रोथ आम से बहुत ज्यादा हो जाती है। अगर आपकी फेशियल हेयर ग्रोथ आम से ज्यादा है, तो आपको जरूर जानना चाहिए कि चेहरे पर बाल क्यों आते हैं। साथ ही फेशियल हेयर ग्रोथ को कम करने के लिए क्या किया जा सकता है।फेस पर अनचाहे बाल निकलने की समस्या काफी आम होती है। फेशियल हेयर ग्रोथ होने पर महिलाएं आमतौर पर वैक्सिंग, थ्रेडिंग और हेयर रिमूवल क्रीम का सहारा लेती हैं। इनसे हेयर जड़ से निकल जाते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि फेशियल हेयर वापस नहीं आएंगे। 3-4 दिनों के अंदर यह हेयर फिर से आने लगते हैं। यह एक नेचुरल प्रोसेस होता है, जोकि हर महिला के साथ होता है।लेकिन परेशानी तब बढ़ जाती है, जब बालों की ग्रोथ आम से बहुत ज्यादा हो जाती है। अगर आपकी फेशियल हेयर ग्रोथ आम से ज्यादा है, तो आपको जरूर जानना चाहिए कि चेहरे पर बाल क्यों आते हैं। साथ ही फेशियल हेयर ग्रोथ को कम करने के लिए क्या किया जा सकता है।

फेस पर क्यों निकलते हैं ज्यादा बाल

फेस पर अधिक बाल



निकलने के पीछे कई वजहें हो सकती हैं। लेकिन जो मुख्य कारण है, वह हार्मोनल बदलाव है। शरीर में एंड्रोजन लेवल हाई होने के कारण महिलाओं के होंठों और ठुड्डी के ऊपर ज्यादा बाल आते हैं।

एंड्रोजन एक पुरुष सेक्स हार्मोन होता है, जोकि पुरुषों के विकास और रखरखाव में अहम भूमिका निभाता है। वहीं महिलाओं में इसके बढ़ने पर फेशियल हेयर बढ़ना परेशानी का सबब बन सकता है। तो आइए जानते हैं इससे बचाव के 2 बेहतरीन नुक्खे के बारे में...

चाय कम पिएं

अगर आपके फेस पर भी हेयर ग्रोथ काफी होती है, तो आपको एक ऐसी चाय पीना चाहिए, जिससे अनचाहे बालों की ग्रोथ कम हो सकती है। इस चाय का नाम एंटी-एंड्रोजन टी है। तो आइए जानते हैं इस चाय को किन चीजों से बनाया जाता है।

एंटी-एंड्रोजन चाय की सामग्री

मेथी दाना- 1 चम्मच

स्पियरमिंट टी बैग - 1

एक चुटकी दालचीनी

ऐसे बनाएं

एक जार में पानी और मेथी के बीज डालें।

अब इस पानी में एक चुटकी दालचीनी मिलाएं।

फिर इसको उबालकर एक कप में डालें।

अब इसमें स्पीयरमिंट टी बैग डालकर कुछ देर के लिए छोड़ दें।

फिर रोजाना इस चाय का सेवन करें।

यह आपके फेस से अनचाहे बातों की ग्रोथ को काफी हद तक कम करेगी।

स्किन को रखें मॉइश्चराइज

फेस के अनचाहे बालों को हटाने के लिए स्किन को मॉइस्चराइज रखना जरूरी होती है। ऐसे में आप पुदीने के तेल से स्किन को मॉइस्चराइज करें। इस मॉस्चराइज को बनाने में सिर्फ दो चीजों की जरूरत होगी।

सामग्री

पुदीने का तेल - 2 बूंदें

अपनी पसंद का कोई भी मॉइस्चराइजर

ऐसे बनाएं

पुदीने की दो बूंद तेल को डेली वाले मॉइस्चराइजर में मिलाएं।

अब रोजाना सोने से पहले इसको अपने फेस पर अप्लाई करें।

लगातार इस्तेमाल से आपको अच्छे रिजल्ट्स देखने को मिलेंगे।

फायदा

एंड्रोजन रिसेप्टर्स को ब्लॉक करने के लिए पुदीने का तेल अच्छा माना जाता है। यह फेस के बालों की ग्रोथ को भी कम करता है। इसको अप्लाई करने से स्किन सॉफ्ट और शाइनी बनती है। वहीं मॉइस्चराइजर से स्किन ड्राई नहीं होती है। यह स्किन में नमी बनाए रखता है, जिससे स्किन संबंधी कई समस्याओं से बचा जा सकता है।


# प्लंजिंग नेकलाइन आउटफिट स्टाइल करते समय इन बातों का रखें ध्यान, दिखेंगी क्लासी और खूबसूरत

प्लंजिंग नेकलाइन ड्रेस को स्टाइल करने के दौरान कुछ बातों का खास ख्याल रखना जरूरी होता है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि प्लंजिंग नेकलाइन वाले आउटफिट को स्टाइल करने के दौरान किन-किन बातों का ख्याल रखना चाहिए।

आजकल प्लंजिंग नेकलाइन आउटफिट पार्टी का हिस्सा बना गए हैं। इस तरह की ड्रेस सिर्फ सेलिब्रिटी पहनते हैं। तो वहीं कुछ महिलाएं स्टाइलिश लुक पाने के लिए इस तरह की ड्रेस कैरी करती हैं। इस तरह की ड्रेस आपको स्टाइलिश और खूबसूरत नजर आती हैं, तो वहीं इस साड़ी में आपका लुक काफी क्लासी नजर आता है। हालांकि इस तरह की ड्रेस को स्टाइल करने के दौरान कुछ बातों का खास ख्याल रखना जरूरी होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि प्लंजिंग नेकलाइन वाले आउटफिट को स्टाइल करने के दौरान किन-किन बातों का ख्याल रखना चाहिए।

बॉडी शेप

इस तरह के आउटफिट स्टाइल करने से पहले इस बात का ध्यान रखें कि आपको अपना बॉडी शेप बता हो। वहीं किस कलर और डिजाइन का आउटफिट आपके ऊपर कैसा लगता है, इसका ध्यान



रखना भी जरूरी होता है। इसी के साथ आउटफिट के नेक डिजाइन का खास ख्याल रखें। ध्यान रखें कि आउटफिक का नेक डिजाइन ज्यादा डीप न हो।

सही इनरवियर

इस तरह की ड्रेस के साथ आपको सही इनरवियर का चुनाव करना बहुत जरूरी है। इस आउटफिट के साथ सही ब्रा का चुनाव करें। जिससे अपरवियर से बाहर नजर न आए। इसलिए ऐसी ब्रा न पहनें, जिससे स्ट्रेप नजर आएं। इससे आपका लुक खराब हो सकता है।

ज्वेलरी

प्लंजिंग नेकलाइन वाले आउटफिट के साथ आप सिंपल चेन टाइप नेकलेस कैरी कर सकती हैं।

## संक्षिप्त समाचार


### कोलकाता गैंगरेप, बैचमेट बोली-आरोपी कॉलेज लौटा तो एडमिशन घटे थे

**कोलकाता।** कोलकाता के लॉ कॉलेज गैंगरेप के मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा के बारे में नए खुलासे हो रहे हैं। उसकी बैचमेट रही एक लड़की ने कॉलेज में उसके आतंक के बारे में बताया है। लड़की के मुताबिक, कॉलेज में लौटने के बाद मोनोजीत ने सब कुछ कंट्रोल करना शुरू कर दिया था। मनोजीत से बचने के लिए ही उसने भी कॉलेज जाना छोड़ दिया था। दरअसल, मनोजीत ने 2022 में कॉलेज से ग्रेजुएशन कम्प्लीट किया था। 2 साल बाद 2024 में वह एडहॉक पर नौकरी शुरू की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उस समय कॉलेज में एडमिशन रेट घट गया था। इतना ही नहीं, कुछ लड़कियों ने बताया कि मनोजीत की मौजूदगी में उन्हें डर बना रहता था। वह कैंपस में लड़कियों तस्वीरें लेता, ग्रुप में पोस्ट करता था। हर दूसरी लड़की को प्रपोज करता था। आरोपी को छात्रों और प्रशासन के बीच देवता का दर्जा प्राप्त था। कैंपस के हर दस्तावेज तक उसकी पहुंच थी। हर स्टूडेंट की डीटेल, फोन नंबर और पते उसके पास होते थे। साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज में 25 जून को गैंगरेप एक छात्रा से गैंगरेप हुआ था। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा यहीं का पूर्व छात्र है। बाकी 2 आरोपी मौजूदा स्टूडेंट्स हैं। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा, जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी को 26 जून को गिरफ्तार किया गया था। मामले में तीन आरोपियों की पुलिस हिरासत 8 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। कॉलेज के सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी की हिरासत भी 4 जुलाई तक बढ़ाई है।



### हिमाचल में पहाड़ टूटा, कोटा में घरों में पानी भरा, छत्तीसगढ़ में 4 घंटे नदी में फंसे रहे दो युवक

**नई दिल्ली।** देश के ज्यादातर राज्यों में तेज बारिश हो रही है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, एमपी, उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। हिमाचल में 30 जून की रात को 11 जगहों पर बादल फटने की घटनाएं हुईं। हिमाचल में भारी बारिश से तबाही जारी है। तीन दिन में यहां बादल फटने की 11 से ज्यादा घटनाएं हुई हैं। इससे नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। मंडी में 11 लोग बह गए थे। इनमें से 10 के शव मिले हैं। मंडी के कथुनाग में कई घर बाढ़ में बहे हैं। मंडी के करसोग, धर्मपुर, बगशयाड़, थुनाग, गोहर क्षेत्र के 100 से ज्यादा गांवों में 24 घंटे से ज्यादा समय से ब्लैक आउट है। राज्य में आज भी तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। UP में पिछले 24 घंटे में 8.8 मिमी बारिश हुई है, जो कि नॉर्मल 7.2 से 15 प्रतिशत कम है। UP में बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं। वाराणसी में गंगा का जलस्तर बढ़ने से घाट किनारे स्थित 20 छोटे मंदिर जलमग्न हो गए हैं। मणिकर्णिका घाट तक पानी पहुंच गया है। गंगा द्वार घाट से मणिकर्णिका घाट का संपर्क टूट गया है। स्थिति ऐसी ही बनी रही तो जल्द ही घाटों पर घूमना-फिरना बंद हो जाएगा। उन्नाव में जोरदार बारिश हुई है। यहां परियर चौकी में पानी घुस गया, जिसे सिपाहियों ने बाल्टी से निकाला।



### वर्चुअल सुनवाई के दौरान सीनियर एडवोकेट ने बीयर पी, गुजरात हाईकोर्ट का मामला

**अहमदाबाद।** गुजरात हाईकोर्ट में वर्चुअल सुनवाई के दौरान एक सीनियर एडवोकेट के बीयर पीने का वीडियो सामने आया है। मामले का नोटिस लेते हुए हाईकोर्ट ने सोमवार को वकील के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही शुरू कर दी। वीडियो 26 जून का है। इसमें सीनियर एडवोकेट भास्कर तन्ना जस्टिस संदीप भट्ट के सामने मग से बीयर पीते दिख रहे हैं। अवमानना कार्यवाही कर रही जस्टिस एएस सुपेहिया और जस्टिस आरटी वच्छानी की बेंच ने तन्ना के आचरण को अपमानजनक बताया। अवमानना कार्यवाही के दौरान तन्ना बेंच के सामने वर्चुअली पेश न हों, कोर्ट ने इसके लिए भी आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि आदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के सामने रखा। अगर वे अनुमति देते हैं तो इसे अन्य बेंचों के पास भी भेजा जाएगा। बेंच ने तन्ना को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट बोला- सीनियर एडवोकेट के दर्जे पर पुनर्विचार की जरूरत कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि इस तरह की हरकतों का असर नए वकील पर पड़ता है, क्योंकि वे सीनियर वकीलों को रोल मॉडल और गाइड के रूप में लेते हैं। तन्ना का व्यवहार उन्हें दिए गए सीनियर एडवोकेट के विशेषाधिकार को अपवित्र करता है। उन्हें दिए गए सीनियर वकील के पदनाम पर पुनर्विचार की जरूरत है। कोर्ट ने रजिस्ट्री को रिपोर्ट तैयार करके अगली सुनवाई में पेश करने और वीडियो सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। कुछ दिन पहले एक शख्स गुजरात हाईकोर्ट की वर्चुअल सुनवाई के दौरान टॉयलेट में बैठा था। एक चेक बाउंस मामले में जस्टिस निर्जर एस देसाई सुनवाई कर रहे थे। वर्चुअल सुनवाई में समद बैटरी नाम से एक शख्स टॉयलेट सीट पर बैठा दिखा। एक मिनट के इस वीडियो में यह शख्स मोबाइल जमीन पर रखकर टॉयलेट करता दिखा था।



### अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था रवाना

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के लिए बुधवार को पहला जत्था जम्मू से रवाना हो गया। उपराज्यपाल (LG) मनोज सिन्हा ने भगवती नगर बेस कैंप से जत्थे को झंडी दिखाई। इस दौरान श्रद्धालु 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयकारे लगाते रहे। आधिकारिक तौर पर यात्रा की शुरुआत 3 जुलाई से होगी। वहीं, पंजाब के पठानकोट से भी यात्रियों के जत्थे को रवाना किया गया। यहां से श्रद्धालु बालटाल होकर बाबा बर्फानी की गुफा पहुंचेंगे। 38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूटों से होगी। यात्रा का समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे। इस साल अब तक 3.5 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। तुरंत रजिस्ट्रेशन के लिए जम्मू में सरस्वती धाम, वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में सेंटर खोले गए हैं। ये सेंटर रोज दो हजार श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। श्रद्धालुओं ने 'हर हर महादेव' और 'बम बम भोले' के जयकारे लगाए।

### अहमदाबाद में ट्रक के नीचे आकर युवक का सुसाइड, खड़े होकर ट्रक के चलने का ही कर रहा था इंतजार

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद शहर में एक युवक ने बुधवार सुबह ट्रक के नीचे कूदकर सुसाइड कर लिया। युवक ट्रक के पास खड़े होकर उसके चलने का ही इंतजार कर रहा था। जैसे ही ट्रक आगे बढ़ा। उसके नीचे लेट गया और तीन-चार सेकेंड में ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज आगे की जांच शुरू कर दी है। शहर के निकोल इलाके में हुई सुसाइड की यह घटना होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक ट्रक के पास खड़े होकर उसके स्टार्ट होने का ही इंतजार कर रहा है। जैसे ही ट्रक आगे बढता है। युवक फुर्ती से उसके पहियों के बीच में लेट जाता है और उसकी मौत हो जाती है। ओढव पुलिस थाने के पीआई पीएन जिंजुवाडिया ने बताया कि बुधवार सुबह निकोल इलाके में पाम होटल के पास यह युवक पहुंचा था। वह ड्राइवर के ट्रक में बैठते ही उस ट्रक के पास पहुंच गया था। ट्रक के चलते ही उसके नीचे लेट गया। मृतक युवक के पास से कोई पहचान पत्र न मिलने से उसकी पहचान नहीं हो सकी है। युवक की उम्र 35 साल के करीब है। पुलिस ने पूरे मामले में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# उत्तराखंड- तेज बारिश के चलते चारधाम यात्रा रोकी गई

## अजमेर दरगाह के बरामदे की छत गिरी; हिमाचल के मंडी में अब तक 13 की मौत

लोक प्रेरणा

**नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर/लखनऊ।** उत्तराखंड में तेज बारिश को देखते हुए चारधाम यात्रा को अस्थाई रूप से रोक दिया गया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जब यात्रा मार्ग श्रद्धालुओं के लिए पूरी तरह से सुरक्षित होगा, तभी आगे यात्रा शुरू की जाएगी।

उत्तराखंड में केदारनाथ मार्ग पर बुधवार रात सोनप्रयाग के पास लैंडस्लाइड हुई और रास्ता बंद हो गया। इस दौरान 40 श्रद्धालु फंस गए। एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और सभी को सुरक्षित बाहर निकाला।

मौसम विभाग ने आज राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत 11 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में पिछले 4 दिन से बारिश का दौर जारी है। बुधवार को भारी बारिश के बाद अजमेर शरीफ दरगाह परिसर में 2 फीट पानी भर गया।



वहीं, भारी बारिश के दौरान दरगाह परिसर में बने बरामदे की छत का एक हिस्सा भी ढह गया। हालांकि, इस दौरान किसी को चोट नहीं आई। दरगाह कमेटी ने उस हिस्से में लोगो की आवाजाही बंद कर दी है।

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। अब भी 29 लोग लापता हैं। गुरुवार को 2 और शव मिले। खराब मौसम के चलते राहत कार्य में दिक्कत आ सकती है, क्योंकि मौसम विभाग ने कई जिलों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया है।

# ट्रम्प बोले- भारत से व्यापार समझौता जल्द होगा

## टैरिफ काफी कम होंगे, 9 से पहले होनी है दोनों देशों में डील

एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच जल्द ही एक व्यापार समझौता होगा। जिसमें टैरिफ काफी कम होंगे। ट्रम्प ने इसे दोनों देशों के बाजारों में बेहतर प्रतिस्पर्धा के लिए अच्छ बताया। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि भारत के साथ हमारी डील होने जा रही है। और यह एक अलग तरह की डील होगी। ऐसी डील, जिसमें हम भारत के बाजार में प्रवेश कर सकें और प्रतिस्पर्धा कर सकें। अभी भारत किसी को अंदर आने नहीं देता। लेकिन मुझे लगता है कि भारत अब ऐसा करेगा। और अगर ऐसा हुआ, तो हम कम टैरिफ वाली डील कर पाएंगे। भारत और अमेरिका के बीच इस समय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (Bilateral Trade Agreement - BTA) को लेकर वॉशिंगटन में बीते 6 दिनों से बातचीत जारी है। इसका मकसद 9 जुलाई की अहम डेडलाइन से पहले एक अंतरिम समझौता करना है।

**ट्रेड डील नहीं होने से भारत पर 26% टैरिफ लगेगा:** भारत और अमेरिका के बीच अगर 9 जुलाई तक कोई समझौता नहीं हुआ हुआ तो भारत पर 26% टैरिफ लग सकता है। यह वो तारीख है जब ट्रम्प के सस्पेंडेड टैरिफ दोबारा लागू होंगे। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनियाभर के करीब 100 देशों पर टैरिफ बढ़ाने का ऐलान किया था। इसमें भारत पर 26% टैरिफ लगा। फिर 9 अप्रैल को ट्रम्प प्रशासन ने इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया। ट्रम्प ने ये समय भारत जैसे देशों को डील पर फैसले लेने के लिए दिया है। न्यूज एजेंसी ANI ने एक सीनियर अधिकारी के हवाले से बताया कि अगर बातचीत नाकाम रहती है, तो 26% का टैरिफ स्ट्रक्चर तुरंत प्रभाव से फिर से लागू हो जाएगा अमेरिका कृषि व डेयरी में शुल्क रियायत की मांग कर रहा है। हालांकि भारत ने रुख कड़ा किया है। भारत का मानना है कि जीएम फसलों, कृषि व डेयरी प्रोडक्ट, मेडिकल डिवाइस व डेटा लोकलाइजेशन में ज्यादा छूट दी, तो खाद्य सुरक्षा पर असर पड़ सकता है।

# 70% मुस्लिम आबादी वाले कजाकिस्तान में हिजाब बैन

एजेंसी, अस्ताना

कजाकिस्तान ने सार्वजनिक जगहों पर चेहरा ढकने वाले कपड़ों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सोमवार को राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकायेव ने एक कानून पर हस्ताक्षर किए। इसमें कहा गया है कि चेहरा ढकने वाले कपड़े, जिनसे किसी की पहचान छिपती है, सार्वजनिक जगहों पर नहीं पहने जा सकते। राष्ट्रपति तोकायेव ने कहा- 'चेहरा ढकने वाले काले कपड़ों की बजाय हमारे राष्ट्रीय कपड़े पहनना बेहतर है। ये कपड़े हमारी संस्कृति को दर्शाते हैं और इन्हें बढ़ावा देना चाहिए।' हालांकि, बीमारी, खराब मौसम, खेल, या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इसकी छूट है। कजाकिस्तान सरकार ने 2023 में स्कूलों में हिजाब पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार का कहना है कि स्कूल यूनिफॉर्म के नियम हिजाब पहनने की इजाजत नहीं देते। इस फैसले के खिलाफ 150 लड़कियों ने स्कूल छोड़ दिया था। कजाकिस्तान में करीब 70% लोग इस्लाम धर्म मानते हैं, जबकि ईसाई धर्म दूसरा सबसे बड़ा धर्म है।



♦ चेहरा ढकने वाले काले कपड़ों पर भी पाबंदी, राष्ट्रपति बोले- राष्ट्रीय पहचान वाले कपड़े पहनें

**सेंट्रल एशिया के कई देशों में चेहरा ढकने पर रोक:** कजाकिस्तान के अलावा मध्य एशिया के कई देशों ने भी चेहरा ढकने वाले कपड़ों, जैसे नकाब और बुरका, पर रोक लगाई है। ये देश अपनी संस्कृति और सुरक्षा को बढ़ावा देना चाहते हैं।

# बांग्लादेश में शेख हसीना को छह महीने जेल की सजा, अदालत की अवमानना की दोषी करार

एजेंसी, ढाका

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना के मामले में छह महीने जेल की सजा सुनाई गई है। बांग्ला अखबार द डेली स्टार के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (ITC) ने बुधवार को यह सजा सुनाई। ITC ने हसीना और एक स्थानीय नेता शकील बुलबुल के बीच हुई फोन बातचीत की जांच करने के बाद यह फैसला सुनाया। यह बातचीत पिछले साल सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी और कई अखबारों ने भी इसे छापा था। इस कथित ऑडियो क्लिप में शेख हसीना को यह कहते सुना गया कि उनके खिलाफ 227 मुकदमे दर्ज हैं, इसलिए उन्हें 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है। पिछले साल 5 अगस्त को बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर विद्रोह के बाद शेख हसीना ने पद छोड़ दिया था और उसके तुरंत बाद भारत भाग गई थीं।

**हसीना के बांग्लादेश जाने पर सजा लागू होगी:** अदालत ने ऑडियो क्लिप में शेख हसीना की बातों बहुत गंभीर माना और कहा कि यह बयान अदालत का अपमान करने और न्याय को कमजोर करने की कोशिश है। बातचीत में शामिल बुलबुल को भी दो महीने जेल की सजा दी गई है। न्यायाधिकरण ने कहा कि सजा तभी लागू होगी जब हसीना और बुलबुल अदालत के सामने आत्मसमर्पण करेंगे या उन्हें पुलिस गिरफ्तार करेगी। अगर सजा लागू होती है, तो दोनों को गैर-कठोर यानी हल्की जेल की सजा भुगतनी होगी। मामले की सुनवाई इस साल 30 अप्रैल को तब शुरू हुई जब मुख्य अभियोजक ताजुल इस्लाम ने अदालत में यह मामला रखा। उन्होंने कहा कि बातचीत में दी गई धमकियों का मकसद इंसाफ मांगने वाले पीड़ितों और गवाहों को डराना था। बाद में अदालत ने हसीना और बुलबुल को 25 मई तक सफाई देने को कहा, लेकिन दोनों न तो अदालत में पेश हुए और न ही कोई जवाब दिया। इसके बाद अदालत ने अखबारों में नोटिस छपवाया और 3 जून तक पेश होने का मौका दिया। मगर आज की सुनवाई तक भी हसीना न तो खुद आईं और न ही उनके वकील की तरफ से कोई जवाब आया। इस वजह से अदालत ने उनकी अनुपस्थिति में ही सजा सुना दी।




♦ पूर्व पीएम 11 महीने पहले भागकर भारत आई थीं

**11 महीने से भारत में रह रहीं शेख हसीना:** बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं। बांग्लादेश सरकार ने जुलाई में हुई हत्याओं की वजह से शेख हसीना का पासपोर्ट भी रद्द कर दिया है। वहीं बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। ट्रिब्यूनल ने हसीना को 12 फरवरी तक पेश होने का निर्देश दिया था। बांग्लादेश भारत से हसीना को डिपोर्ट करने की अपील भी कर चुका है। हालांकि भारत सरकार उनका वीजा बढ़ा चुकी है, जिससे यह साफ हो गया कि उन्हें बांग्लादेश डिपोर्ट नहीं किया जाएगा।

# संसद सुरक्षा चूक केस-दिल्ली हाईकोर्ट से 2 आरोपियों को मिली जमानत

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने संसद की सिक्योरिटी तोड़ने के मामले में नीलम आजाद और महेश कुमावत को जमानत दे दी। कोर्ट ने बुधवार को उन्हें 50 हजार रुपए के निजी बॉण्ड पर जमानत दे दी। मंजूर की गई। निचली अदालत ने दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद और जस्टिस हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने जमानत आदेश के तहत सख्त शर्तें भी लगाई हैं। आरोपियों को प्रेस कॉन्फ्रेंस करने, इंटरव्यू देने या घटना के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट करने पर रोक लगाई गई है। इसके अलावा दोनों व्यक्तियों को हर सोमवार, बुधवार



और शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे संबंधित पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करने और दिल्ली NCR से बाहर न जाने का भी निर्देश दिया है।

पुलिस बोली- आरोपी प्रभावशाली, कोर्ट ने कड़ी जमानत शर्तें लगाईं दिल्ली पुलिस ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त और पुख्ता सबूत हैं। पुलिस का तर्क था कि जमानत देने से इनके भागने, गवाहों को प्रभावित करने और सबूतों से छेड़छाड़ करने का जोखिम है। पुलिस ने आरोपियों को शक्तिशाली और प्रभावशाली बताते हुए कहा कि इनकी रिहाई जांच में बाधा डाल सकती है।

वहीं, बचाव पक्ष के वकील ने कहा- पेश किए गए सबूत नेशनल इकोनॉमिक सिक्योरिटी के लिए खतरा साबित नहीं करते हैं। वकील ने कहा कि आरोपियों पर संसद परिसर में शारीरिक हमला किया गया। यह उस दिन की घटनाओं के बारे में पुलिस के बयान पर सवाल उठाता है। पुलिस के तर्कों को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने कड़ी शर्तों के साथ जमानत मंजूर की है।

# अकाली नेता मजीठिया की 4 दिन रिमांड बढ़ी

एजेंसी, मोहाली

पंजाब में आय से अधिक संपत्ति केस में पकड़े गए पूर्व मंत्री व सीनियर अकाली नेता बिक्रम मजीठिया की रिमांड बढ़ा दी गई है। विजिलेंस ने मोहाली कोर्ट में बताया कि जांच के दौरान कई अहम सवालों पर मजीठिया सहयोग नहीं कर रहे हैं। एजेंसी ने अदालत से यह भी कहा कि उन्हें अब पंजाब से बाहर उत्तर प्रदेश के गोरखपुर ले जाकर पूछताछ करनी पड़ सकती है। करीब 4 घंटे चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने चार दिन की रिमांड मंजूर की और अगली पेशी 6 जुलाई तय की गई। इस दौरान अदालत परिसर को पूरी तरह घेरा गया था। मीडिया को दूर रखने के लिए जहां गाड़ियों की बैरिकेडिंग की गई, वहीं कोर्ट के चारों ओर तिरपाल लगाकर हर दिशा से दृश्यता बंद कर दी गई।



इससे पहले कोर्ट में पेशी के दौरान माहौल तनावपूर्ण हो गया था। मजीठिया की गिरफ्तारी के विरोध में अकाली दल के प्रधान व पूर्व मुख्यमंत्री सुखबीर बादल समर्थकों संग मोहाली पहुंच गए। कोर्ट की तरफ आते देख पुलिस ने उन्हें घेर लिया। इसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। इस दौरान सुखबीर बादल और पंजाब पुलिस के अधिकारियों से जमकर बहस हुई। पुलिस ने उन्हें कहा कि सुरक्षा कारणों की वजह से वह कोर्ट की तरफ नहीं जा सकते। इसके बाद

♦ सुनवाई के दौरान कोर्ट रूम के बाहर तिरपाल लगाई, सुखबीर बादल बोले- केजरीवाल ने पंजाब कब्जाया

अकाली वर्कर भड़क उठे। बादल ने इस दौरान आरोप लगाए कि पंजाब के पूरे तंत्र को अरविंद केजरीवाल ने अपने कब्जे में ले लिया है। सब कुछ उनके इशारों पर ही हो रहा है। बता दें कि मजीठिया को अमृतसर स्थित उनके घर से पकड़ा गया था। उन पर आय से 540 करोड़ रुपए ज्यादा की संपत्ति रखने का आरोप है। विजिलेंस को गिरफ्तारी के बाद मजीठिया की 7 दिन की रिमांड मिली थी। इसके बाद आज उन्हें फिर कोर्ट में पेश किया जा रहा है। विजिलेंस ने कहा कि मजीठिया सहयोग नहीं कर रहे, इसलिए उनकी और रिमांड दी जाए।


### गुरुग्राम के एंबियंस मॉल में सोसाइटी वालों की एंट्री बैन, गेट पर नोटिस चिपकाया

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के मशहूर एंबियंस मॉल में 4 महिलाओं समेत 5 लोगों की एंट्री बैन कर दी गई है। यहां तक कि इसको लेकर उनके नाम का नोटिस तक मॉल के गेट पर चिपका दिया गया। यह मामला मॉल प्रबंधन और उससे सटी लैगून सोसाइटी से जुड़ा हुआ है। इस लिस्ट में पहले सोसाइटी के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (RWA) प्रेजिडेंट की वाइफ का भी नाम था, जिसे बाद में हटा दिया गया। दरअसल, इन लोगों का कहना था कि मॉल प्रबंधन ने गलत तरीके से ट्रैफिक डायवर्ट कर दिया। जिससे सोसाइटी के गेट पर जाम लग रहा है। गुस्साए सोसाइटी के लोगों ने रविवार को यूटर्न ही बंद कर दिया। इसके बाद मॉल के बाउंसर वहां आ गए। उन्होंने यूटर्न रोकने के लिए लगाई जंजीर उठा ली। इसका 59 सेकेंड का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें बाउंसर सोसाइटी की महिला को कह रही है कि मुझे बदतमीजी के लिए मजबर मत करो।

# दलाई लामा बोले- उत्तराधिकारी का चयन बौद्ध परंपराओं से होगा

एजेंसी, धर्मशाला

हिमाचल के धर्मशाला में बुधवार को शुरू हुए 15वें तिब्बती धार्मिक सम्मेलन के मौके पर दलाई लामा की ओर से यह साफ कर दिया गया है कि दलाई लामा की संस्था भविष्य में भी जारी रहेगी। साथ ही उन्होंने यह भी क्लियर किया कि उनके देहांत के बाद उनके उत्तराधिकारी का चयन भी तिब्बती बौद्ध परंपराओं के अनुसार ही होगा। तिब्बत और बौद्ध धर्म में चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए दलाई लामा ने यह भी स्पष्ट रूप से कहा है कि उनके उत्तराधिकारी के चयन में चीन की कोई भूमिका नहीं होगी। अगर चीन ऐसा करने की कोशिश भी करता है तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस पर चीन ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। चीन का कहना है कि दलाई लामा के उत्तराधिकारी को केंद्र सरकार की मंजूरी लेनी होगी। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा दलाई लामा के पुनर्जन्म को चीनी कानूनों और नियमों के साथ-साथ धार्मिक अनुष्ठानों और ऐतिहासिक परंपराओं का भी पालन करना होगा। बता दें कि धर्मशाला स्थित दलाई लामा



लाइब्रेरी एंड आर्काइव में 3 दिवसीय धार्मिक सम्मेलन शुरू हुआ है, जिसमें तिब्बती बौद्ध धर्म की विभिन्न परंपराओं के प्रमुख लामाओं, तिब्बती संसद, सिविल सोसाइटी, संगठनों और दुनिया भर से आए तिब्बती समुदाय के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

**गादेन फोडंग ट्रस्ट को सौंपी जिम्मेदारी:** 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो ने वीडियो संदेश के माध्यम से बताया कि उन्होंने अपने उत्तराधिकारी के चयन की जिम्मेदारी 'गादेन फोडंग ट्रस्ट' को सौंपी है। उन्होंने दोहराया कि अगले दलाई लामा की पहचान और मान्यता की पूरी प्रक्रिया का अधिकार केवल ट्रस्ट को है। कोई अन्य

इसमें चीन की कोई भूमिका नहीं, चीनी प्रवक्ता बोले- केंद्र सरकार की परमिशन लेनी होगी

व्यक्ति, संगठन या सरकार इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

**चीन भी नहीं कर सकता नियुक्ति:** दलाई लामा ने कहा कि ट्रस्ट के अलावा कोई और अगले दलाई लामा की नियुक्ति नहीं कर सकता है। इस घोषणा ने उन चर्चाओं पर विराम लगा दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि चीन मौजूदा दलाई लामा की मौत के बाद खुद 15वें दलाई लामा की नियुक्ति कर देगा। दलाई लामा ने अपने वीडियो संदेश में कहा- 1969 में ही हमने यह स्पष्ट कर दिया था कि संस्था को जारी रखने का निर्णय संबंधित लोगों को करना चाहिए। पिछले 14 वर्षों में हमें दुनिया भर से, विशेषकर तिब्बत से, संस्था को जारी रखने के आग्रह मिले हैं। उन्होंने कहा कि 24 सितंबर 2011 को भी उन्होंने कहा था कि जब वह 90 वर्ष के आसपास हो जाएंगे, तब इस विषय पर निर्णय लेंगे।

**CTA नेता बोले- चीन इस परंपरा का फायदा उठाना चाह रहा है:** कार्यक्रम के दौरान सेंट्रल तिब्बतियन एडमिनिस्ट्रेशन (CTA) के नेता पेन्पा शेरिंग ने धर्मशाला में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में चीन पर आरोप लगाया कि वह दलाई लामा के उत्तराधिकार को राजनीतिक हथियार बना रहा है। उन्होंने कहा, "चीन इस परंपरा को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा है, जो पूरी तरह निंदनीय है। यह आध्यात्मिक प्रक्रिया है और हम इसमें किसी भी बाहरी हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करेंगे।" पेन्पा शेरिंग ने यह भी कहा कि वर्तमान में चीन सरकार की नीतियां तिब्बती पहचान, भाषा और धर्म को मिटाने की कोशिश कर रही हैं। शी जिनपिंग की सरकार तिब्बती लोगों की सांस्कृतिक और धार्मिक जड़ों को निशाना बना रही है। मौजूदा दलाई लामा 6 जुलाई को 90 साल के हो जाएंगे। इसके बाद उनके उत्तराधिकारी पर निर्णय संभव है। इस साल मार्च में प्रकाशित हुई दलाई लामा की किताब वॉयस फॉर द डायसलेस में भी उन्होंने लिखा है कि उनका पुनर्जन्म चीन के बाहर एक स्वतंत्र दुनिया में होगा, जहां तिब्बती बौद्ध धर्म की स्वतंत्रता बनी रहे।

# दिल्ली प्रीमियर लीग में दो नई टीमें जुड़ी, पंत सहित 10 से अधिक आईपीएल खिलाड़ी नीलामी में



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ ने मंगलवार को दूसरे सीजन से पहले दिल्ली प्रीमियर लीग में दो नई पुरुष फ्रेंचाइजी जोड़ने की घोषणा की। आउटर दिल्ली फ्रेंचाइजी को सबसे अधिक बोली लगाने वाले सविता पेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने 10.6 करोड़ रुपए में हासिल किया। नई दिल्ली फ्रेंचाइजी को भीमा टोलिंग एंड ट्रैफिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड और क्रेयॉन एडवरटाइजिंग लिमिटेड के कंसोर्टियम ने 9.2 करोड़ रुपए में खरीदा।

इससे लीग में पुरुष टीमों की संख्या 6 से बढ़कर आठ हो गई है। दो नई टीमें टूर्नामेंट के 2025 संस्करण के लिए छह मौजूदा फ्रेंचाइजी जिसमें सेंट्रल दिल्ली किंग्स, ईस्ट दिल्ली राइडर्स, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स, पुरानी दिल्ली 6, साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज और वेस्ट दिल्ली लायंस शामिल हैं, हिस्सा लेंगी। सीजन 2 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 6 और 7 जुलाई को राजधानी में होगी। पुरुषों की नीलामी 6 जुलाई को होगी, उसके बाद महिलाओं की नीलामी 7 जुलाई को होगी।

दिलचस्प बात यह है कि पुरुषों की नीलामी में कई बेहतरीन खिलाड़ी शामिल होंगे जिनमें ऋषभ पंत, इशांत शर्मा जैसे नामी खिलाड़ी और प्रियांश आर्य, आयुष बडोनी, हर्षित राणा, दिग्वेश राठी, हिम्मत सिंह, सुयश शर्मा, मयंक यादव और अनुज रावत जैसे उभरते सितारे शामिल हैं। छ्रक्क की वापसी पर बोलते हुए अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा, दिल्ली प्रीमियर लीग सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, यह राजधानी की गहरी जड़ें जमाए क्रिकेट संस्कृति का जश्न है। सीजन 1 में हमने जिस तरह की प्रतिभा देखी, वह वाकई आशाजनक थी और इस विस्तार के साथ हम और भी ज़्यादा खिलाड़ियों को चमकने का मंच दे रहे हैं।

उन्होंने कहा, प्रियांश आर्य, दिग्वेश राठी और कई अन्य प्रतिभाएं जरिए उभरीं और ढ्रक्क 2025 के दौरान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिससे भविष्य के सितारों के लिए लीग के महत्व को साबित किया जा सका। जुलाई में होने वाली नीलामी सीजन के लिए माहौल तय करेगी और हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि यह अनुभव फ्रैंचाइजी, खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए समान रूप से सहज और प्रभावशाली हो। हम सीजन 2 को लीग की यात्रा में एक ऐतिहासिक क्षण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

गौरतलब है कि डीपीएल का सीजन 2 एक बार फिर नई दिल्ली के प्रतिष्ठित अरुण जेटली स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। खिलाड़ियों की नीलामी पूरी होने के बाद मैच की तारीखों और कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी।

## दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान केशव महाराज जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने सोमवार को बताया कि दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान केशव महाराज कमर में खिंचाव के कारण जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। महाराज, जो पूर्णकालिक नियमित टेस्ट कप्तान टेम्बा बावुमा की अनुपलब्धता के बाद जिम्बाब्वे श्रृंखला के लिए कप्तान थे, को सोमवार को पहले टेस्ट के तीसरे दिन बल्लेबाजी करते समय चोट लग गई। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने एक बयान में कहा, श्रृंखला के कप्तान को पहले टेस्ट के तीसरे दिन बल्लेबाजी करते समय चोट लग गई। चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए वह आगे के आकलन के लिए घर लौटेंगे। सेनुरान मुथुसामी को उनके प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया है, जबकि ऑलराउंडर वियान मुल्डर शनिवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में टीम की अगुवाई करेंगे। इस बीच दक्षिण अफ्रीका ने शुरुआती टेस्ट के तेज गेंदबाजों को छाप छोड़ने का एक और मौका देने के लिए लुंगी एनगिडी को भी टीम से बाहर कर दिया है। बोर्ड ने कहा, बुधवार को टीम में शामिल होने वाले तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी को रिलीज कर दिया गया है, ताकि पहले टेस्ट में प्रभावित करने वाले तेज गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने का एक और मौका मिल सके। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप विजेता दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट में जिम्बाब्वे के खिलाफ शानदार फॉर्म में प्रदर्शन किया, जिसमें लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, कॉर्बिन बॉश और वियान मुल्डर ने शतक जड़े, जबकि कोडी यूसुफ, महाराज, मुल्डर और बॉश ने विकेट्स लिए जिससे प्रोटियाज ने 328 रनों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की। दूसरा टेस्ट भी 6 जुलाई से बुलावायो में खेला जाएगा।

### शिखर धवन का खुलासा

# जब उसने 200 बनाए, तो मैं समझ गया मेरा करियर खत्म हो गया है



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के धमाकेदार ओपनर शिखर धवन ने पिछले साल 2024 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था जबकि बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने टीम के साथ अंतिम बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के तौर पर सफर किया था। इस दौरान उन्होंने तीन पारियों में केवल 18 रन बनाए। इसी दौरे में 24 वर्षीय ईशान किशन ने वनडे में दोहरा शतक जड़कर रिकॉर्ड बनाया और ऐसा करने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी बने। धवन ने खुलासा किया कि जब उन्होंने ईशान को 200 रन बनाते देखा तो उन्हें समझ आ गया था कि अब उनका करियर खत्म हो गया है।

धवन ने एक मीडिया हाउस को इंटरव्यू में कहा, मैं बहुत सारे 50 रन बना रहा था, मैंने 100 रन नहीं बनाए लेकिन मैंने बहुत सारे 70 रन बनाए। जब ईशान किशन ने 200 रन बनाए, तो मेरी अंतरात्मा ने मुझसे कहा, ठीक है बेटा यह तुम्हारे करियर का अंत हो सकता है। मेरे अंदर से एक आवाज आई। और वही हुआ। फिर मुझे याद है कि मेरे दोस्त मुझे भावनात्मक सहारा देने आए थे। उन्हें लगा कि मैं बहुत उदास हो जाऊंगा। लेकिन मैं शांत था, मैं आनंद ले रहा था।

धवन ने बांग्लादेश के खिलाफ उस मुकाबले में 3 रन बनाए और भारत ने 227 रनों की बड़ी जीत दर्ज की। यह आखिरी बार था जब बाएं हाथ का यह बल्लेबाज भारत की तरफ से खेलेगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या टीम से बाहर किए जाने के बाद भारतीय टीम के किसी साथी ने उनसे संपर्क किया, तो 39 वर्षीय धवन ने नकारात्मक जवाब दिया और कहा कि टीम में अपनी जगह खोना उनके लिए कोई झटका नहीं है, क्योंकि वह आयु वर्ग के क्रिकेट से ही इसके आदी हैं।

धवन ने कहा, %नहीं, ऐसा नहीं होता (टीम के साथी किसी के बाहर किए जाने के बाद संदेश भेजते हैं)। शायद मैंने राहुल (द्रविड़) भाई से बात की हो। उन्होंने मुझे संदेश भेजा। हर किसी की अपनी यात्रा होती है और वे काम कर रहे होते हैं या दौरे पर होते हैं, यह बहुत सामान्य बात है। हम 14 साल से कम उम्र से इसके आदी हैं, यह पहली बार नहीं है जब मुझे बाहर किया गया या टीम में शामिल किया गया।

जब भारत ने 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती, तो उन्होंने शीर्ष स्कोरर होने के लिए प्लेयर-ऑफ-द-टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता। उन्होंने 2015 के वनडे विश्व कप और 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी में फिर से बल्लेबाजी चार्ट में शीर्ष स्थान हासिल किया। आईसीसी प्रतियोगिताओं में उनका औसत 65 का रहा। अपने करियर के दौरान 167 वनडे मैचों में धवन ने 44.11 की औसत से 6793 रन बनाए, जिसमें 17 शतक और 39 अर्धशतक शामिल हैं। धवन ने 34 टेस्ट की 58 इनिंग्स में 40.61 की औसत और 190 के हाइएस्ट स्कोर के साथ 2315 रन बनाए हैं जिसमें 5 अर्धशतक और 7 शतक शामिल हैं। उन्होंने टी20आई में 68 मैचों में 1759 रन बनाए जिसमें 11 अर्धशतक शामिल थे। टी20आई में धवन का हाइएस्ट 92 रहा।

# पाकिस्तान हॉकी एशिया कप के लिए भारत आएगा

### खेल मंत्रालय बोला- हम किसी को नहीं रोकेंगे; पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तानियों की एंट्री बैन थी

**स्पोर्ट्स डेस्क**

हॉकी एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री मिलती है। अगर पाकिस्तान टीम भारत नहीं आई तो टीम यह मौका गंवा देगी। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की स्थिति के बावजूद हॉकी एशिया कप और जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान टीम को भारत आने से नहीं रोका जाएगा। खेल मंत्रालय के सूत्र ने न्यूज एजेंसी PTI से कहा कि हम द्विपक्षीय सीरीज के खिलाफ हैं, लेकिन टूर्नामेंट के लिए हम किसी भी टीम को भारत आने से नहीं रोकेंगे।

मंत्रालय के अधिकारी ने कहा, 'इंटरनेशनल स्पोर्ट्स में टीमें तनाव के बावजूद हिस्सा लेती हैं। रूस और यूक्रेन युद्ध के बावजूद टूर्नामेंट खेल रहे हैं। हॉकी एशिया कप 27 अगस्त से 7 सितंबर के बीच बिहार के राजगीर में खेला जाएगा।'

भारत और पाकिस्तान क्रिकेट टीमों के बीच एशिया कप मैच पर अधिकारी ने कहा, 'BCCI ने अब तक इस बारे में सरकार से बात नहीं की है। जैसे ही बोर्ड की ओर से बातचीत होगी, टीम इंडिया के एशिया कप में हिस्सा लेने पर फैसला लेंगे।'

पाकिस्तान हॉकी बोर्ड ने अभी तक टूर्नामेंट में आने या न आने पर कोई भी बयान जारी नहीं किया है। लेकिन उसने टूर्नामेंट से खुद को अलग भी नहीं किया है, जिससे माना जा रहा है कि टीम खेलने के लिए भारत आएगी।

हॉकी इंडिया ने कहा था- सरकार के निर्देश मानेंगे हॉकी इंडिया के सेक्रेटरी जनरल भोलानाथ सिंह ने कहा था, पाकिस्तान टीम एशिया कप के लिए आएगी या नहीं, इस पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी है। पहलगाम में आतंकी हमला और भारत का ऑपरेशन सिंदूर पिछले महीने ही हुआ। ऐसे में इस वक्त कुछ भी कह पाना मुश्किल है। हम शांति कायम होने का इंतजार कर रहे हैं। सरकार के जो भी निर्देश होंगे, हम उनका पालन करेंगे।

हॉकी इंडिया के एक अन्य अधिकारी ने कहा था, 'अगर सरकार ने पाकिस्तान को एंट्री देने से मना किया तो उनके बिना टूर्नामेंट कराया जाएगा। सबकुछ सरकार के फैसले पर निर्भर है।'



2016 में भारत नहीं आई थी पाकिस्तान टीम 2016 में पठानकोट एयरबेस पर हुए आतंकी हमले के बाद भारत में जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप हुआ था। तब भी पाकिस्तान हॉकी टीम भारत नहीं आई थी। तब पाकिस्तान की जगह मलेशिया को एंट्री देकर टूर्नामेंट कराया गया था।

दोनों देशों में तनाव के बाद पाकिस्तान का जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भी भारत आना मुश्किल लग रहा था। टूर्नामेंट चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक खेला जाएगा। हालांकि, मंत्रालय से आपत्ति नहीं होने के बाद अब जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के लिए भी पाकिस्तान टीम भारत आ सकती है।

वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री दिलाता है एशिया कप नीदरलैंड के एम्सरटडैम में अगले साल 14 से 30 अगस्त तक हॉकी वर्ल्ड कप होगा। एशिया कप जीतने वाली टीम को वर्ल्ड कप में डायरेक्ट एंट्री मिलती है। एशिया कप में 5 बार की चैंपियन साउथ कोरिया डिफेंडिंग चैंपियन है। वहीं भारत और पाकिस्तान को अपने-अपने चौथे टाइटल का इंतजार है।

हॉकी एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के अलावा जापान, कोरिया, चीन, मलेशिया, ओमान और चीनी ताइपे भी हिस्सा लेंगी। 4-4 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमों के बीच सेमीफाइनल और इसे जीतने वाली टीमों के बीच 7 सितंबर को फाइनल होगा।

भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से किया था हिसाब बराबर कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को 3 आतंकियों ने 26 पर्यटकों की हत्या कर दी थी। जिसके बाद भारत ने सभी पाकिस्तानी नागरिकों को देश से निकाल दिया। भारत ने 7 मई की देर रात ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को तबाह किया और पहलगाम हमले का बदला लिया। जिसके बाद पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल से भारत पर हमला कर दिया। भारत ने जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया। दोनों देशों में बॉर्डर पर तनाव चला और 10 मई को सीजफायर हो गया। दोनों ही देश अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं।

### एशिया कप शेड्यूल

## पांच सितम्बर से यूएई में शुरू होगा टूर्नामेंट



**यूएई (एजेंसी)।** एशिया कप 5 सितंबर को शुरू होने की संभावना है जबकि खिताबी मुकाबला 21 सितंबर को होगा। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने 17 दिन की अवधि को लगभग अंतिम रूप दे दिया है और भारत शुरुआती मैच में 7 सितंबर को पाकिस्तान से भिड़ेगा। मेजबान भारत सहित सभी भाग लेने वाले देश यूएई में खेले जाने वाले टूर्नामेंट के लिए अपनी-अपनी सरकारों से मंजूरी लेने के करीब हैं। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और यूएई भाग लेने वाले देश होंगे और बहु-राष्ट आयोजन ग्रुप चरण और सुपर फोर प्रारूप का पालन करने के लिए तैयार है। इसका मतलब है कि भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला कम से कम दो बार देखने को मिलेगा। दूसरा मुकाबला 14 सितंबर को हो सकता है। टूर्नामेंट की तैयारियां शुरू हो गई है और आधिकारिक प्रसारक सोनी ने एक पोस्टर भी साझा किया है। एशिया कप पर नए घटनाक्रम उन सभी हितधारकों के लिए स्वागत योग्य समाचार है जो बहु-राष्टीय आयोजनों में भारत-पाकिस्तान की भिड़ंत पर भरोसा कर रहे थे। हाल ही में सीमा पार तनाव ने स्थिति को थोड़ा जटिल बना दिया था, लेकिन यूएई में दोनों पक्षों के आमने-सामने होने के साथ, वैश्विक टूर्नामेंटों में इस मुकाबले का भविष्य उज्ज्वल दिखाई देता है। बांग्लादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका अगले तीन संस्करणों के आधिकारिक मेजबान होने जा रहे हैं और टूर्नामेंट का प्रारूप बदलता रहेगा।

# जेसिका पेगुला विंबलडन के पहले राउंड से बाहर

### इटली की कोकियारेटो ने हराया, डिफेंडिंग चैंपियन अल्काराज की जीत से शुरुआत

**लंदन (एजेंसी)।** दुनिया की नंबर-3 टेनिस स्टार जेसिका पेगुला विम्बलडन-2025 के पहले राउंड में उलटफेर का शिकार हो गई हैं। तीसरी सीड पेगुला को वर्ल्ड रैंकिंग में 116वें नंबर की खिलाड़ी एलिसाबेटा कोकियारेटो ने महज 58 मिनट में हरा दिया। 31 साल की अमेरिकी खिलाड़ी ने यह मैच सीधे सेट में 6-2, 6-3 से गंवाया। यह उनका इस साल का सबसे खराब प्रदर्शन है। पेगुला पिछले 5 साल में पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के पहले राउंड से बाहर हुई हैं। इससे पहले वे 2020 में फ्रेंच ओपन के पहले दौर से बाहर हुई थी। पेगुला से पहले डेनियल मेदवेदेव और 8वीं सीड होल्गर रून उलटफेर का शिकार हुए।

**डिफेंडिंग चैंपियन अल्काराज की जीत से शुरुआत** - 2 बार के चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने जीत से शुरुआत की। उन्होंने इटली के फैबियो फोगनिनी को 4 घंटे से ज्यादा चले मैच में 7-5, 6-7 (5-7), 7-5, 2-6, 6-1 से हराया। अब उनका मुकाबला 21 साल के टार्वेट से होगा, जिन्होंने विंबलडन में अपने पहले मैच में स्विट्जरलैंड के लिएंड्रो रीडी को हराया है।

**सबालेंका की वर्ल्ड नंबर-1 रहते 50वीं जीत** - दुनिया की नंबर-1 महिला टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने टूर्नामेंट में बेहतरीन जीत से आगाज किया। सबालेंका ने कनाडा की कार्सन ब्रेस्टीन को लगातार सेट में 6-1, 7-5 से हराया। यह सबालेंका की वर्ल्ड नंबर-1 रहते ?हुए विमेंस टेनिस एसोसिएशन में 50वीं जीत रही। वे ऐसा करने वाली 9वीं ?खिलाड़ी बनीं। उनसे पहले, हिंगिस, सेरेना, डेवनपोर्ट, जस्टिन हेनिन, वोज्नियाकी, अजारेंका, बार्टी और स्वातेक



ने ऐसा कर चुकी है।सबालेंका की इस साल यह 43वीं जीत थी। वे साल 2023 के बाद इस ग्रैंड स्लैम में हिस्सा ले रही हैं। डेनियल मेदवेदेव और टूर्नामेंट के 8वीं सीड होल्गर रून पहले राउंड में उलटफेर का शिकार हुए। रून को निकोलस जैरी ने 4-6, 4-6, 7-5, 6-3, 6-4 और मेदवेदेव को बेंजामिन बोंजी ने 7-6, 3-6, 7-6, 6-2 से हराया।

# छह साल की उम्र में थामा बैडमिंटन, अब जूनियर वर्ल्ड नंबर 1 बनीं भारत की तन्वी शर्मा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पंजाब की गोल्डन गर्ल तन्वी शर्मा बैडमिंटन में जूनियर वर्ल्ड नंबर 1 बन गई हैं। तन्वी हाल ही में बीडब्लूएफ सुपर 300 यूएस ओपन 2025 में महिला एकल वर्ग में उपविजेता रहीं थी। महिला एकल के फाइनल में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा को शीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करते हुए रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व टूर स्तर के अपने पहले फाइनल में खेल रही गैर-वरीयता प्राप्त इस किशोर खिलाड़ी को 46 मिनट में 11-21, 21-16, 10-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। विश्व में 66वें स्थान पर काबिज यह युवा भारतीय शटलर जूनियर विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी बन गई है और विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष 50 में शामिल हो गई है। उसने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 में अपने अभियान से वैश्विक बैडमिंटन समुदाय को चकित किया जिसमें विश्व की 23वें नंबर की खिलाड़ी सहित कई उच्च रैंक वाली प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल में प्रवेश करना शामिल था। तन्वी अगले महीने होने वाली एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में पदक जीतने का लक्ष्य रखकर चल रही है। वह अब गुवाहाटी में भारतीय बैडमिंटन टीम के शिविर में शामिल होगी। टीम अगले महीने इंडोनेशिया में होने वाली एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेगी। तन्वी ने 6 साल की छोटी सी उम्र में बैडमिंटन खेलना शुरू कर दिया था। शुरू से से ही प्रतिभाशाली रही तन्वी ने प्रतिष्ठित पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी में चार साल से अधिक समय तक प्रशिक्षण लिया। इस दौरान उसने भारत के कुछ शीर्ष शटलरों के साथ ट्रेनिंग ली जिसने उनके कौशल को निखारा।

## गुइरासी के दो गोल से डॉर्टमंड क्वार्टर फाइनल में, गार्सिया के गोल से रियल मैड्रिड भी अंतिम-8 में

**लंदन, एजेंसी।** सेरहो गुइरासी ने पहले हाफ में दो गोल किए, जिससे बोरूसिया डॉर्टमंड ने क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के राउंड ऑफ 16 के मैच में मॉन्टेरी को 2–1 से हरा दिया। गुइरासी ने 14वें और 24वें मिनट में गोल किए जो डॉर्टमंड को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाने के लिए पर्याप्त थे। इन दोनों गोल में करीम अदीमी ने उनकी मदद की। वह अपने इस क्लब की तरफ से अभी तक कुल 37 गोल कर चुके हैं। पराजित टीम की तरफ से एकमात्र गोल जर्मन बर्टेरामे ने किया। क्वार्टर फाइनल में डॉर्टमंड का सामना शनिवार को न्यू जर्सी में रियल मैड्रिड से होगा। गोंजालो गार्सिया ने क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अपना तीसरा गोल किया, जिससे रियल मैड्रिड ने राउंड ऑफ 16 में युवेंटस को 1–0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे की गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल बीमारी के कारण गार्सिया ने रियल मैड्रिड के सभी चार मैचों में शुरुआत की है। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने मंगलवार को 54वें मिनट में हेडर से गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

# केजरीवाल का ऐलान- बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी आप

## अब कांग्रेस से गठबंधन नहीं, इंडिया अलायंस लोकसभा के लिए था

लोक प्रेरणा

**अहमदाबाद।** आम आदमी पार्टी बिहार में अकेले चुनाव लड़ेगी। पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को अहमदाबाद में कहा, ह्व.ह्.ष्ठ.ह्व.. गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था। अब हमारा किसी से कोई गठबंधन नहीं है। केजरीवाल गुजरात के दो दिन के दौरे पर अहमदाबाद पहुंचे। यहां उन्होंने पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुआत की। केजरीवाल ने कहा कि गुजरात के विसावदर उपचुनाव में हमने कांग्रेस से अलग लड़कर तीन गुना ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा, यह जनता का सीधा संदेश है कि अब विकल्प आम आदमी पार्टी है। आगे गुजरात में चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। दिल्ली में हार पर कहा कि ऊपर-नीचे होता रहेगा। पंजाब में हमारी सरकार दोबारा बनेगी।

भाजपा की सरकार ने गुजरात को बर्बाद कर दिया है। सूरत समेत कई शहर पानी में डूबे हुए हैं। किसान, युवा और व्यापारी



समेत सभी वर्ग परेशान हैं। इसके बाद भी बीजेपी गुजरात में जीतती आ रही है, क्योंकि लोगों के पास विकल्प नहीं था। कांग्रेस पार्टी को बीजेपी को जीत दिलाने के लिए ठेका दिया जाता है।

अब आम आदमी पार्टी आ गई है। आम आदमी पार्टी को लोग एक विकल्प के रूप में देख रहे हैं। विसावदर में जिस तरह से लोगों ने वोट दिया। ये माहौल, ये गुस्सा पूरे गुजरात के लोगों के अंदर है। मैंने कई जगह लोगों से बात की। लोगों में इसी तरह का गुस्सा है। यही गुस्सा विसावदर में देखने को मिला।

बीजेपी ने कांग्रेस को भेजा था कि इनके वोट काटो। कांग्रेस ने ठीक से काम नहीं किया। बीजेपी से कांग्रेस वालों को खूब डांट पड़ी। इंडिया गठबंधन को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में केजरीवाल ने कहा- वह अलायंस लोकसभा के लिए था। अब हमारी तरफ से कुछ नहीं है।

मुझे सिर्फ दो साल दीजिए, ये हवन है, इसमें आहुति दीजिए पार्टी की सदस्यता के लिए केजरीवाल ने 9512040404 नंबर जारी कर कहा कि इस पर मिस्ड कॉल देकर आम आदमी पार्टी से जुड़िए। उन्होंने आगे कहा कि विसावदर उपचुनाव में जनता ने हम पर भरोसा किया है। अगर गुजरात का विकास करना है तो युवाओं को हमारे साथ जुड़ना चाहिए।

मुझे सिर्फ दो साल दीजिए, ये हवन है, इसमें आहुति दीजिए। अगर गुजरात का विकास करना है तो आम आदमी पार्टी से जुड़िए। विसावदर की जीत कोई बड़ी जीत नहीं, बल्कि 2027 का सेमीफाइनल है। बीजेपी ने 30 साल तक गुजरात पर राज किया है और आज गुजरात बर्बाद हो गया है।

## राजधानी समेत प्रदेश के 18 आयुर्वेद कॉलेजों को मिली मान्यता

- एमपी में बीएएमएस की 3 हजार सीटें,16 आयुर्वेद कॉलेजों की मान्यता पर निर्णय होना बाकी

**भोपाल।** केंद्रीय आयुष मंत्रालय और नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन नई दिल्ली ने सत्र 2025-26 के लिए मध्यप्रदेश के 18 आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों को मान्यता दी है। इनमें भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, इंदौर और बुरहानपुर के 7 शासकीय आयुर्वेद कॉलेज और 11 निजी आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज शामिल हैं। एजेंसी ने देश में दूसरे नंबर पर मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा आयुर्वेद कॉलेजों को मान्यता दी है। हालांकि, प्रदेश के 16 अन्य कॉलेजों सहित देशभर के 482 आयुर्वेद कॉलेजों की मान्यता पर निर्णय होना बाकी है। भोपाल के पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद कॉलेज को 75 यूजी और 74 पीजी सीटें मिली हैं। वहीं, भोपाल के स्कूल ऑफ आयुर्वेद साइंस को मान्यता मिली है।




## कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश- इलेक्शन तक छात्रसंघ ऑफिस बंद रहेंगे

### गैंगरेप केस में ममता सरकार से रिपोर्ट मांगी; बार काउंसिल से आरोपी की सदस्यता रद्द

कोलकाता।

कोलकाता हाईकोर्ट ने लॉ कॉलेज में गैंगरेप को लेकर दाखिल की गई तीन जनहित याचिकाओं पर सुनवाई की। हाईकोर्ट ने बंगाल के सभी कॉलेज और यूनिवर्सिटी में छात्र संघ कार्यालयों को बंद करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से भी रिपोर्ट मांगी है।

जस्टिस सौमेन सेन और जस्टिस स्मिता दास डे की बेंच ने कहा कि छात्र चुनाव होने तक ये कमरे बंद रहेंगे। कोर्ट ने कहा कि ऐसे कमरों का इस्तेमाल किसी भी काम के लिए नहीं किया जा सकता है। जरूरत होने पर वैध कारणों के साथ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार को आवेदन देना होगा।

वहीं, पश्चिम बंगाल बार काउंसिल ने बुधवार को मुख्य आरोपी मनोजित मिश्रा की मेंबरशिप रद्द कर दी और उनका नाम वकीलों की सूची से हटा दिया। बार काउंसिल के चेयरमैन अशोक देब ने बताया कि गंभीर और अमानवीय अपराध के आरोपों के चलते आरोपी को बार काउंसिल की सूची से हटाया गया है।

### एडवोकेट सायन बनर्जी की जनहित याचिका में दावे...

मामले का मुख्य आरोपी मोनोजीत मिश्रा साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के छात्र संघ के नाम पर गतिविधियां चलाता रहा है।

2017 के बाद से पश्चिम बंगाल में कोई छात्र संघ चुनाव नहीं हुआ, फिर भी पूर्व छात्रों और गैर-निर्वाचित व्यक्ति संघ कार्यालय अवैध रूप से चला रहे हैं। सभी छात्र संघ कार्यालय बिना किसी मंजूरी या कानून के प्रावधान के अपना संचालन जारी रखे हुए हैं।

चिंता की बात यह है कि छात्र, पदाधिकारी, कक्षा प्रतिनिधि, जो पिछले चुनाव में चुने गए अऔर नॉमिनेट किए गए थे, वे अभी भी छात्र संघ में पिछले पद के आधार पर कैंपस में आसानी से आ रहे हैं।

### पुलिस बोली- गुमराह कर रहे तीनों आरोपी

पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपी अलग-अलग बयान दे रहे हैं ताकि जांच को भटकाया जा सके। एक अधिकारी ने कहा कि तीनों लॉ स्टूडेंट हैं, इन्हें कुछ कानूनी चालें आती हैं। साथ ही पुलिस यह पता लगाने की कोशिश भी कर रही है कि मनोजित, जैब अहमद और प्रमीत मुखर्जी अपनी गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले किन-किन लोगों से मिले थे या किन लोगों के संपर्क में थे।

### पुलिस ने लॉ कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल से दो बार पूछताछ की

पुलिस ने कॉलेज की वाइस-प्रिंसिपल डॉ. नयना चटर्जी से भी दो बार पूछताछ की है। मनोजित मिश्रा ने उनसे 26 जून की सुबह फोन पर बात की थी। बुधवार को पुलिस ने उन 16 लोगों से भी पूछताछ की, जो घटना के वक्त कॉलेज परिसर में मौजूद थे।

पुलिस को सुरक्षा गार्ड के कमरे से जब्त एक चादर पर एक दाग मिला है, और यह जांच की जा रही है कि उसका इस घटना से कोई संबंध है या नहीं।

इस बीच, कोलकाता पुलिस के डिटेक्टिव डिपार्टमेंट ने बुधवार को इस केस की जांच अपने हाथ में ले ली है। अब तक स्ह्ब्र जांच कर रही थी।

## टूथपेस्ट, कपड़े, जूते और बर्तन हो सकते हैं सस्ते

- मोदी सरकार की जीएसटी स्लैब कम करने की तैयारी
- 12 से घटाकर 5 फीसदी करने का बन रहा है प्लान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टूथपेस्ट, बर्तन, कपड़े, जूते जैसे आम आदमी के इस्तेमाल में आने वाले आइटम्स जल्द ही सस्ते हो सकते हैं। इस साल की शुरुआत में इनकम टैक्स में कई रियायतें देने के बाद केंद्र सरकार अब मिडिल-क्लास और लोअर-इनकम फैमिली को गुड्स एंड सर्विस टैक्स यानी जीएसटी में कटौती कर राहत देने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सरकार 12 फीसदी जीएसटी स्लैब को पूरी तरह से खत्म करने या वर्तमान में 12 फीसदी टैक्स वाले आइटम्स को 5 फीसदी स्लैब में ला सकती है। सूत्रों के अनुसार, इस रिस्ट्रक्चरिंग यानी बदलाव में मिडिल-क्लास के यूज में आने वाले आइटम्स शामिल होंगे।



## मुंबई पुलिस हाईकोर्ट से बोली- दिशा सालियान ने सुसाइड किया

### हत्या-यौन उत्पीड़न का सबूत नहीं; संजय राउत ने कहा- आदित्य ठाकरे से माफी मांगे फडणवीस

मुंबई।

मुंबई पुलिस ने बॉम्बे हाईकोर्ट को बताया कि अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान ने आत्महत्या की थी। उनकी मौत में कोई साजिश नहीं मिली है। हाईकोर्ट में दाखिल पुलिस के इस एफिडेविट की बात गुरुवार को सामने आई। इसके बाद शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अन्य महायुति नेताओं को इस मामले में आदित्य ठाकरे से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने जबरन आदित्य पर आरोप लगाए।

उधर, दिशा के पिता सतीश सालियन ने एक बार फिर दोहराया कि उनकी बेटी के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ। इसके बाद उसकी हत्या कर दी गई।

### 5 साल पहले हुई थी दिशा की मौत

8 जून, 2020 को मुंबई के मलाड इलाके की 14वीं मंजिल से गिरकर दिशा की मौत हो गई थी। पुलिस ने इसे आत्महत्या बताया था। उस समय दिशा के पिता ने जांच को संतोषजनक माना था। लेकिन अब याचिका में आरोप लगाया गया है कि दिशा के साथ गैंगरेप के बाद उसकी हत्या की गई थी। इस साल बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सीबीआई से जांच कराने की मांग की थी।

### पुलिस ने हलफनामे में कहा- क्लोजर रिपोर्ट वैज्ञानिक जांच पर

मामले की पहली जांच करने वाले मलवणी पुलिस थाने ने अपने हलफनामे में कहा, 'दिशा सालियन ने आत्महत्या की थी। दिशा पारिवारिक विवाद और व्यापार में परेशानियों के कारण भारी मानसिक तनाव में थीं। घटना के समय वह नशे में थीं और उनके मंगेतर, जो उस वक्त उनके साथ थे, ने भी किसी साजिश या संदेह से इनकार किया।' 'परिस्थितियों और गवाहों के बयानों को देखते हुए, यह कहा जाता है कि मृतका दिशा सालियन ने अपनी इच्छा से फ्लैट की खिड़की से कूदकर आत्महत्या की। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी किसी संदेहजनक बात का उल्लेख नहीं है।' 'दिशा के पिता सतीश सालियन की याचिका में उठाए गए आरोप निराधार हैं। क्लोजर रिपोर्ट वैज्ञानिक जांच और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पर आधारित है। यह रिपोर्ट निर्णायक है और मृतका पर किसी भी तरह के यौन अथवा शारीरिक हमले के कोई निशान नहीं पाए गए।' 'क्लोजर रिपोर्ट दाखिल होने के बाद विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया, जिसने मामले की दोबारा जांच की और उसकी जांच रिपोर्ट भी पुलिस की पहले की रिपोर्ट से मेल खाती है। हालांकि, मामले में आगे की जांच अभी भी जारी है।'

## 70 फीसदी मुस्लिम आबादी वाले कजाकिस्तान में हिजाब बैन

- चेहरा ढकने वाले काले कपड़ों पर भी पाबंदी,राष्ट्रपति बोले-राष्ट्रीय पहचान वाले कपड़े पहनें

अस्ताना (एजेंसी)। कजाकिस्तान ने सार्वजनिक जगहों पर चेहरा ढकने वाले कपड़ों पर प्रतिबंध लगा दिया है। सोमवार को राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट तोकायेव ने एक कानून पर हस्ताक्षर किए। इसमें कहा गया है कि चेहरा ढकने वाले कपड़े, जिनसे किसी की पहचान छिपती है, सार्वजनिक जगहों पर नहीं पहने जा सकते। राष्ट्रपति तोकायेव ने कहा- चेहरा ढकने वाले काले कपड़ों की बजाय हमारे राष्ट्रीय कपड़े पहनना बेहतर है। ये कपड़े हमारी संस्कृति को दर्शाते हैं और इन्हें बढ़ावा देना चाहिए। हालांकि, बीमारी, खराब मौसम, खेल, या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इसकी छूट है। कजाकिस्तान सरकार ने 2023 में स्कूलों में हिजाब पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार का कहना है कि स्कूल हिजाब पहनने की इजाजत नहीं देते।



- उत्तराखंड के ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर बड़ा हादसा

## टिहरी में कांवड़ियों से भरा ट्रक पलटा,3 की मौत,16 घायल

**टिहरी (एजेंसी)।** उत्तराखंड के टिहरी जिले में ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर बुधवार सुबह बड़े हादसे की सूचना है। जाजल और फकोट के बीच कांवड़ यात्रियों से भरा एक ट्रक पलट गया। इस हादसे में तीन कांवड़ियों की मौत हो गई। वहीं, ट्रक में सवार 16 तीर्थयात्रियों के घायल होने की सूचना है। हादसे के समय ट्रक में कुल 19 कांवड़ यात्री सवार थे। वे ऋषिकेश से गंगोत्री की ओर यात्रा कर रहे थे। मामले की जानकारी मिलते ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं, सीएम पुष्कर सिंह धामी ने घटना पर संज्ञान लिया है। अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने बताया कि एकयात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य शव ट्रक के नीचे दबे मिले। घायलों में चार की हालत गंभीर बताई गई है, जिन्हें एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। आठ घायलों का इलाज पास में ही चल रहा है।




## पीएम की सौगात से टेक्सटाइल का हब बनेगा धार

- पीएम मित्र पार्क के फर्स्ट फेज के लिए जारी हुए टेंडर

### सीएम मोहन यादव ने की तारीफ,पीएम का माना आभार

**भोपाल।** धार जिले के पीएम मित्र पार्क के पहले चरण के निर्माण कार्यों के लिए 773 करोड़ रुपए के टेंडर जारी हो गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार माना है और कहा है कि यह सौगात कपड़ा उद्योग के क्षेत्र में एमपी के लिए नई शुरुआत साबित होगी।

बुधवार को एक्स पर किए गए ट्वीट में सीएम डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश को एक और सौगात दी है। धार जिले में 2158 एकड़ भूमि पर लगभग 2050 करोड़ से अधिक की लागत से पीएम मित्र पार्क विकसित होने वाला है। पीएम मित्र पार्क के फर्स्ट फेज के अधोसंरचना विकास के लिए 773 करोड़ रुपए की लागत के टेंडर 30 जून 2025 को जारी कर दिए गए हैं। धार इससे टेक्सटाइल इंडस्ट्री का हब बनेगा। कपड़ा उद्योग के क्षेत्र में जब मध्यप्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है तो यह सौगात प्रदेश के विकास और कपड़ा उद्योग में नए युग की शुरुआत होगी। सीएम यादव ने कहा कि वे मध्यप्रदेश वासियों की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह का अभिनंदन और आभार व्यक्त करते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 5 एफ विजन (फार्म टू, फाइबर टू, फैक्ट्री टू, फैशन टू, फॉरेन) को साकार करने के लिए पीएम मित्र पार्क को विकसित किया जा रहा है। केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय ने देश के सात राज्य में सात पीएम मित्रा पार्क स्वीकृत किए हैं। इनमें मध्यप्रदेश में भी एक पार्क शामिल हैं जिसमें कपास से धागा, धागे से वस्त्र निर्माण और तैयार वस्त्र की बिक्री एवं निर्यात का कार्य एक स्थान पर होगा।



## दलाई लामा के उत्तराधिकारी का चयन बौद्ध परंपराओं से होगा

- इसमें चीन की कोई भूमिका नहीं,चीनी प्रवक्ता बोले-केंद्र सरकार की परमीशन लेनी होगी

धर्मशाला (एजेंसी)। हिमाचल के धर्मशाला में बुधवार को शुरू हुए 15वें तिब्बती धार्मिक सम्मेलन के मौके पर दलाई लामा की ओर से यह साफ कर दिया गया है कि दलाई लामा की संस्था भविष्य में भी जारी रहेगी। साथ ही उन्होंने यह भी क्लियर किया कि उनके देहांत के बाद उनके उत्तराधिकारी का चयन भी तिब्बती बौद्ध परंपराओं के अनुसार ही होगा। तिब्बत और बौद्ध धर्म में चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए दलाई लामा ने यह भी स्पष्ट रूप से कहा है कि उनके उत्तराधिकारी के चयन में चीन की कोई भूमिका नहीं होगी। अगर चीन ऐसा करने की कोशिश भी करता है तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस पर चीन ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। चीन का कहना है कि उत्तराधिकारी को केंद्र सरकार की मंजूरी लेनी होगी।



कोलकाता गैंगरेप

## बैचमेट लड़की बोली-आरोपी लौटा तो एडमीशन घटे थे

- कॉलेज में लड़कियों की तस्वीरें लेता, डर से लड़कियां क्लास छोड़ देती थीं

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता के लॉ कॉलेज में फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट से गैंगरेप के आरोपी मनोजीत की बैचमेट रही एक लड़की ने कॉलेज में उसके आतंक के बारे में बताया है। इसके मुताबिक कॉलेज में लौटने के बाद मोनोजीत ने सब कुछ कंट्रोल करना शुरू कर दिया था। मनोजीत से बचने के लिए ही उसने भी कॉलेज जाना छोड़ दिया था। मनोजीत मिश्रा को लेकर मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि 2024 में वह एडहॉक पर कॉलेज स्टाफ में आया तो उस कॉलेज में एडमीशन रेट घट गया था। इतना ही नहीं, कुछ लड़कियों ने बताया कि मनोजीत की मौजूदगी में उन्हें डर बना रहता था। वह कैंपस में लड़कियों तस्वीरें लेता, ग्रुप में पोस्ट करता था। हर दूसरी लड़की को प्रपोज करता था। आरोपी को छात्रों और प्रशासन के बीच देवता का दर्जा प्राप्त था। कैंपस के हर दस्तावेज तक उसकी पहुंच थी। हर स्टूडेंट की डीटेल, फोन नंबर और पते उसके पास होते थे। साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज में 25 जून को गैंगरेप एक छात्रा से गैंगरेप हुआ था। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा यहीं का पूर्व छात्र है। बाकी 2 आरोपी मौजूदा स्टूडेंट्स हैं। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा, जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी को 26 जून को गिरफ्तार किया गया था। मामले में तीन आरोपियों की पुलिस हिरासत 8 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। कॉलेज के सुरक्षा गार्ड पिनाकी बनर्जी की हिरासत भी 4 जुलाई तक बढ़ाई है। लॉ कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल नयना चटर्जी ने बताया था कि मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा को कुछ महीने पहले ही अस्थायी फैकल्टी मेंबर के तौर पर नियुक्ति किया गया था। परमानेंट स्टाफ की कमी की वजह से हायरिंग की गई थी। चटर्जी ने बताया कि कॉलेज प्रशासन को मीडिया के जरिए घटना की जानकारी मिली। पीड़ित छात्रा या किसी अन्य ने घटना के बारे में कोई शिकायत कॉलेज प्रशासन से नहीं की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटना के एक दिन बाद कैंपस में प्रवेश करने की अनुमति मांगी थी। इस बारे में सिक्योरिटी गार्ड को भी न बताने को कहा गया था। पुलिस ने ग्राउंड फ्लोर के दो कमरे सील कर दिए हैं। वाइस प्रिंसिपल ने गार्ड के ठीक से ड्यूटी न करने की बात भी मानी है। पुलिस जांच में पता चला है कि मनोजीत के शरीर पर नाखूनों के निशान हैं, जिससे पता चलता है कि पीड़िता ने खुद को बचाने की कोशिश की थी। जांच के तहत पुलिस ने तीनों आरोपियों के मोबाइल कॉल रिकॉर्ड खंगाले। इसमें पाया गया कि मनोजीत ने घटना के अगले दिन सुबह कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल डॉ. नयना चटर्जी को फोन किया था। इसके बाद पुलिस ने वाइस प्रिंसिपल से दो बार पूछताछ की है।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक रितु वालिया के लिये वालिया प्रिंटर्स, मकान नंबर 1265, वार्ड नंबर 10, लोहारू जिला/शहर-भिवानी हरियाणा 127201 से मुद्रित व मकान नंबर 1265, वार्ड नंबर 10, लोहारू जिला/शहर भिवानी हरियाणा 127201 से प्रकाशित किया। ई मेल: lokparerna@gmail.com, फोन: 01252-259260, संपादक: श्रीमती रितु वालिया, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लोहारू (भिवानी) होगा।